इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -197 राजनांदगांव, मंगलवार 04 जून 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# सुबह 8 बजे से शुरू होगी काउंटिंग, 543 सीटों पर नतीजों का काउंटडाउन शुरू

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सात चरणों में हुए मतदान की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से देशभर में विभिन्न मतगणना केन्द्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगी और अंतिम वोट गिने जाने तक निरंतर जारी रहेगी।

मतगणना के साथ ही विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद पूरी होगी। करीब 80 दिन तक चले लोकतंत्र के इस महोत्सव में सब की निगाहें कल की मतगणना पर टिकी है, जो यह तय करेगा की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सत्ता की हैट्रिक लगाता है या फिर विपक्षी इंडिया गठबंधन सत्ता परिवर्तन के अपने प्रयास में सफल होता है।

### सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था

मतगणना के लिए सभी राज्यों के जिला मुख्यालयों पर मतगणना केन्द्र स्थापित किये गये हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा (शेष पृष्ठ 6 पर...)




### उपचुनाव के नतीजे भी आयेंगे

लोकसभा चुनाव के साथ अरुणाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभाओं सीटों के लिए भी चुनाव कराये गए है। अरुणाचल और सिक्किम की मतगणना रविवार को संपन्न हो गयी। सिक्किम में विधानसभा की 32 सीटों में से सिक्किम क्रांतकारी मोर्चा (स्यरू) को 31 पर विजय हासिल हुई है, जबकि अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा की 60 में से 46 सीटें भाजपा के खाते में आयी हैं। आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175 और ओडिशा की 147 सीटों के लिए हुए मतदान की गणना भी मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना के साथ-साथ करायी जाएगी। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की 25 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों की मतगणना भी कल ही संपन्न होंगी।

### मतगणना पर निगाह रखने की पूरी छूट होगी

उन्होंने मतगणना में किसी भी प्रकार की गडबड़ी की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव उम्मीदवारों के मतगणना एजेंटों को नियमानुसार मतगणना पर निगाह रखने की पूरी छूट होगी। उन्होंने कहा कि प्रणाली में किसी भी प्रकार की जांच बाद में भी करायी जा सकती है। उन्होंने विपक्ष द्वारा मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट किये जाने को पूरी तरह से खारिज किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने चेतावनी दी कि मतदान केन्द्रों पर उपद्रव करने की किसी भी कोशिश को कड़ाई से निपटा जाएगा। आठरहवीं लोकसभा के चुनाव में कुल 543 निर्वाचन क्षेत्रों में 64.2 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार को प्रयोग किया गया जिनमें 31.2 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल थी। सूरत की लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

# 150 डीएम को धमकाने के मामले में जयराम रमेश को ईसी से झटका, आयोग बोला- सबूत दो नहीं तो करेंगे कार्रवाई

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश को सोमवार को चुनाव आयोग से तगड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री को उस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने दो दिन पहले यह दावा किया था कि मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री पर देशभर के 150 जिलाधिकारियों को फोन कर चुनाव नतीजों को प्रभावित करने के लिए कहा था।




### चुनाव आयोग ने लिया था स्वतः संज्ञान

बता दें कि जय राम रमेश के इस बयान पर श्वष्टढ्ढ ने स्वत- संज्ञान लेकर रमेश को नोटिस जारी करने के साथ ही सबूत मांगा था। इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जवाब देने के लिए एक हफ्ते का अतिरिक्त समय देने की मांग की थी, जिसे आयोग ने इनकार कर दिया और आज (सोमवार) शाम 7 बजे तक उनसे मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है।

### सबूत दो नहीं तो करेंगे कार्यवाही

वहीं इस पूरे मामले पर रमेश को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने कहा है कि आपका आरोप है कि लगभग 150 संसदीय क्षेत्रों के जिला मजिस्ट्रेटों, जो आरओ/डीईओ भी हैं, को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है, जिसका कल होने वाली मतगणना प्रक्रिया की पवित्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। जैसा कि आयोग के दिनांक 02 जून 2024 के पत्र में उल्लेख किया गया है, किसी भी डीएम ने आपके द्वारा लगाए गए किसी भी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इसलिए, आयोग समय विस्तार के आपके अनुरोध को पूरी तरह से खारिज करता है। रमेश को लिखे पत्र में आयोग ने 3 जून को शाम 7 बजे तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है अन्यथा चुनाव आयोग उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करेगा।

### कांग्रेस नेता ने ये किया था दावा

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें ÷खुलेआम÷ डराने-धमकाने में लगे हैं। चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर अपने-अपने जिलों के निर्वाचन अधिकारी होते हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टरों से बात कर चुके हैं। उन्होंने 1 जून को ट्वीट किया था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं : राजीव कुमार

नयी दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों द्वारा लगाये गये आरोपों को बेबुनियाद और आधारहीन बताया तथा इसे केवल शक एवं संदेह करार देते हुए शायराना अंदाज में कहा कि शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है।



लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद और मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री कुमार ने विपक्षी दलों के सभी आरोपों से जुड़े सवालों का शायराना अंदाज में विस्तार से जवाब दिया।

उन्होंने कहा, आजकल इल्जामातों का दौर बुलंद है, तल्खियों का बाजार गर्म है, पंच को पहले ही घेर लो यानी पेशबंदी। मंजूर है इल्जाम लगाओ हम पर, शर्त इतनी कि साथ में सबूत भी हो। गोया कोई तो बात है कि हर बार मुद्दई वही , कचहरी वही गवाह कोई नहीं। शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं।

उन्होंने कहा कि विपक्ष जिस तरह से घेराबंदी कर रहा है उसका मतलब है, अंपायर को ही पकड़ लो जिससे कि वो बोल ही नहीं पाये। फार्म 17 सी को बदलने के आरोपों पर विपक्ष से सबूत मांगते हुए उन्होंने कहा, कैसे हमने 17 सी बदल दिया , डाटा बदल दिया, कहीं किसी एक जगह का नाम तो बताओ भाई। उन्होंने कहा, एक और अजीब बात है जो उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जो काउंटर पर बैठे हुए हैं जो फार्म 17 सी ले रहे हैं, वहां से कोई शिकायत नहीं है। पता नहीं यह शिकायत कहां से है। कुछ कहने को आ रहा है लेकिन मैं बोल नहीं रहा हूं।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर आयोग पर कई सवाल खड़े किये हैं।

# सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर बिश्वनोई और सूर्यकांत तिवारी की रिमांड बढ़ी

रायपुर। करोड़ों के कोयला घोटाला केस में ईओडब्ल्यू की रिमांड पर चल रहे निलंबित पूर्व उपसचिव सौम्या चौरसिया, निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्वनोई और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की रिमांड और बढ़ गई है।



सोमवार को चारो आरोपियों को विशेष कोर्ट में पेश किया गया था। जहां ईओडब्ल्यू की मांग पर कोर्ट ने चारो की रिमांड बढ़ा दी है। कोर्ट ने सौम्या चौरसिया एवं रानू साहू को 5 जून तक और समीर विश्नोई तथा सूर्यकांत तिवारी को 10 जून तक रिमांड पर भेजा है।

ज्ञात हो कि पहली रिमांड के दौरान ईओडब्ल्यू ने चारों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की लेकिन इनसे घोटाले से संबंधित कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। लिहाजा ईओडब्ल्यू की ओर से फिर से चारों की रिमांड बढ़ाने के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया था जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और आरोपियों की रिमांड बढ़ा दी।

बता दें कि कोल घोटाले मामले में सभी आरोपी लगभग डेढ़ साल से जेल में बंद है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 11 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें केवल कारोबारी सुनील अग्रवाल को जमानत मिली है। ईओडब्ल्यू का आरोप है कि पिछली सरकार में प्रभावशाली लोगों ने मिलकर अवैध कोल परिवहन घोटाला किया था। यह घोटाला 540 करोड़ से ज्यादा का है। इसलिए ईडी के प्रतिवेदन पर केस दर्ज किया गया।

# आतंकियों से भारतीय सेना की मुठभेड़, कमांडर रियाज डार सहित दो आतंकी ढेर

जम्मू। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले भारतीय सेना को दक्षिण कश्मीर में बड़ी सफलता मिली है। लश्कर ए तैयबा के कमांडर आतंकी रियाज डार को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। यह आतंकी 2015 से ही इस इलाके में सक्रिय था। पुलवामा के निहामा इलाके में हुई इस मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक और रईस अहमद डार भी मारा गया है। यह आतंकी 2021 से सक्रिय था। आतंकी रईस अहमद डार पहले आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के साथ था लेकिन बाद में उसने अपना संगठन बदल लिया और लश्कर ए तैयबा में चला गया। भारतीय सुरक्षाबलों को लंबे समय से इन आतंकियों की तलाश थी। यह आतंकी न केवल आतंक फैला रहे थे बल्कि युवाओं को आतंकी गतिविधियों के लिए बरगला भी रहे थे। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पोस्ट पर बताया है कि सोमवार को पुलवामा के निहामा मुठभेड़ शुरू हुई है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। आतंकियों ने सुरक्षाबलों की घेराबंदी को देखकर गोलीबारी कि इसके बाद जवाबी गोलीबारी शुरू हो गई है। गोलीबारी के बीच आग लगी है और दो आतंकी इस मुठभेड़ में मारे गए हैं।



गौरतलब है कि इससे पहले कुपवाड़ा में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया था। इस अभियान में हथियार, गोला-बारूद सहित बड़े मात्रा में युद्धक सामग्री मिली है। इसे सुरक्षाबलों ने जब्त कर लिया था।

# मोदी से मिले नीतीश कुमार, 4 जून को सरकार बनते ही होगा ये काम



नई दिल्ली। 1 जून को एग्जिट पोल आने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहली बार मुलाकात हुई। उन्होंने पीएम मोदी से मिलकर 4 जून को एनडीए की सरकार बनने की अग्रिम बधाई दी। नीतीश कुमार का दिल्ली आने का कार्यक्रम पहले से ही तय था। उन्होंने सोमवार को नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। 4 जून को लोकसभा चुनाव के रिजल्ट आने वाले हैं। उससे पहले नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में लौटे, 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाये गये केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।




19 मई, 2023 को चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, ''इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं।'' सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राज्यपाल ने ओडिशा विधानसभा भंग की

भुवनेश्वर। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने सोमवार को विधानसभा भंग कर दी. इस बारे में संसदीय कार्य विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है. इससे पहले, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में ओडिशा मंत्रिमंडल की वर्चुअल मोड में हुई बैठक में राज्यपाल से विधानसभा भंग करने की सिफारिश की गई.



यह फैसला राज्य में मंगलवार को होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों की मतगणना से एक दिन पहले आया है. इसी क्रम में राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड 2 (बी) द्वारा उन्हें प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए आदेश दिया कि 25 मई, 2019 को भारत के चुनाव आयोग द्वारा गठित विधानसभा, भारत के चुनाव आयोग द्वारा नव निर्वाचित विधायिका के गठन की तिथि से भंग मानी जाएगी. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक कि ओडिशा विधानसभा को भंग करना आज की कैबिनेट बैठक का एकमात्र एजेंडा था.

बता दें कि ओडिशा में 147 विधायकों और 21 लोकसभा सदस्यों को चुनने के लिए 13 मई से शुरू होने वाले चार चरणों में चुनाव हुए. पिछली विधानसभा में सत्तारूढ़ बीजद के 114 सदस्य थे, भाजपा के 22 सदस्य थे और कांग्रेस के सिर्फ नौ सदस्य थे. वहीं माकपा का एक और निर्दलीय विधानसभा के सदस्य थे. फिलहाल 4 जून को परिणाम आने के बाद तय होगा कि राज्य में किसकी सरकार बनेगी.

# मुख्यमंत्री ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने मानसून के दौरान संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को राजधानी से लेकर ग्राम पंचायत तक लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरिन टैबलेट की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने वर्षाजन्य बीमारियों एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासनिक अमले के साथ लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को अलर्ट रहने को कहा है।



**0 सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता हो**

**0 जल स्त्रोतों का किया जाए क्लोरिनेशन**

मुख्यमंत्री ने कहा है कि बरसात के मौसम में उल्टी-दस्त, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों के होने की ज्यादा आशंका रहती है। पेयजल स्त्रोतों की सफाई जैसे छोटे-छोटे उपायों से इन बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है। राज्य में संक्रामक बीमारियों की दृष्टि से संवेदनशील गांवों और इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लगातार निगरानी रखी जानी चाहिए।

### सर्पदंश से बचाव के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध हो एन्टी स्नेक वेनम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जशपुर अंचल सहित ऐसे क्षेत्र जहा सर्पदंश के मामले ज्यादा आते हैं उन इलाकों में बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# के. कविता ने आप नेताओं को दी 100 करोड़ की रिश्वत, चार्जशीट में ईडी का आरोप

नईदिल्ली। दिल्ली से जुड़े शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ईडी का कहना है कि कविता ने कथित तौर पर तथाकथित दक्षिण समूह के सदस्यों और आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं के साथ मिलकर 292.8 करोड़ रुपये की रिश्वत देने और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अनुचित लाभ प्राप्त करने की साजिश रची।

सूत्रों ने अपनी रिपोर्ट में ये जानकारी दी है। चार्जशीट के मुताबिक, कविता 292.8 करोड़ रुपये के अपराध में शामिल थीं। इसमें 100 करोड़ आप नेताओं को रिश्वत और 192.8 करोड़ इंडोस्पिरिट्स कंपनी का लाभ शामिल है।कविता ने अपनी भूमिका छिपाने के लिए डिजिटल साक्ष्य नष्ट किए और मोबाइल फोन का डेटा डिलीट कर दिया। कविता के पास से ईडी को 9 मोबाइल मिले, लेकिन ये सभी फॉर्मेट कर दिए गए थे और इनमें कोई डेटा नहीं था। ईडी ने कहा कि कविता गवाहों को प्रभावित करने में भी शामिल थी। ईडी ने कहा, के कविता के चार्टर्ड अकाउंटेंट बुची बाबू ने अपने बयान में खुलासा किया कि बीआरएस नेता के एक सहयोगी को उनके खिलाफ 23 फरवरी और 28 फरवरी को ईडी को दिए गए अपने बयान वापस लेने के लिए कहा जा रहा था।कविता को अपने सहयोगी अभिषेक बोइनपल्ली के नाम पर इंडो स्पिरिट्स से 5.5 करोड़ रुपये की अपराध आय भी प्राप्त हुई। दिल्ली की एक कोर्ट ने मामले में कविता की न्यायिक हिरासत 7 जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले उनकी हिरासत 3 जून तक थी।



बता दें कि शराब नीति मामले में 15 मार्च को तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को ईडी ने हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था।बाद में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी उन्हें जेल से ही गिरफ्तार कर लिया था। ईडी का आरोप है कि कविता शराब व्यापारियों के उस दक्षिण समूह से जुड़ी हुई हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज मतगणना ... प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

राजनांदगांव (दावा)। आज 4 जून को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होने वाला है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बसंतपुर मंडी क्षेत्र के स्टेट वेयर हाउसिंग केम्पस को मतगणना स्थल बनाया गया है। इसके लिए बसंतपुर मंडी को सोमवार के दिन मतगणना की व्यवस्था करने के लिए तथा आज मंगलवार 4 जून को मतगणना करने के लिए बंद रखा गया है। बता दे कि राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ व खुज्जी की मतगणना बसंतपुर मंडी क्षेत्र के स्टेट वेयर हाउसिंग केम्पस में होगी। आज 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी जिसमें सबसे पहले मतगणना पोस्टल बैलेट पेपर की होगी। इसके बाद इवीएम में दर्ज मतों की गणना शुरू की जाएगी। इसका समय तकरीबन 8:30 बजे बताया गया है।

### 15 प्रत्याशी आजमा रहे भाग्य

बता दे कि राजनांदगांव संसदीय लोकसभा क्षेत्र में मुख्य राजनीतिक दल भाजपा, कांग्रेस सहित बसपा व शक्ति सेना, हमर राज पार्टी, भारतीय शक्ति चेतना राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे है। इसमें से भाजपा के पूर्व सांसद संतोष पांडे व कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित बसपा के देवलाल सिन्हा के नाम प्रमुख है वही अन्य पार्टी के प्रत्याशियों में क्रमशः नारद प्रसाद निषाद, ललिता कंवर, रमेश राजपूत, लाखन सिंह टंडन के नाम शुमार है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों में अजय पाली, त्रिवेणी पटौदी, बसंत कुमार मेश्राम, भूवन साहू, ए.एच. सिद्धीकी व सुखदेव सिन्हा है। इनमें से एक निर्दलीय प्रत्याशी विशेष धमगाए की चुनाव पश्चात पीलिया से मौत हो गई है।

## मतगणना के चलते मंडी रहेगी बंद, जिला प्रशासन ने की चाक-चौबंद व्यवस्था

### मतगणना के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था

बताया जाता है कि बसंतपुर मंडी क्षेत्र के स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन कैम्पस में आयोजित मतगणना के लिए जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिहाज से आईटीबीपी की कम्पनी सहित छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स को तैनात किया गया है। मतगणना स्थल में की गई तीन लेयर की व्यवस्था में पहली स्तर पर आईटीबीपी की फोर्स, दूसरे में छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल व तीसरे में पुलिस बल के जवान सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। रविवार को इसका पुनर्अभ्यास कराया गया। वही मतगणना के लिए जुटी पूरी टीम सुबह 7 बजे से पहुंच चुकी है। मतगणना कार्य से सम्बंधित मतगणना, पर्यवेक्षक मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर, ऐजेन्ट व प्रेस मीडिया सहित एजेन्टों के आने-जाने के लिए दो रूट तैयार किए गए है। इसका भी पुनर्अभ्यास कराया गया है। बहरहाल आज मतों की गणना के साथ सामने आने वाले परिणाम, कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल व भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की राजनीतिक भविष्य का फैसला करने वाला सिद्ध होगा। आज बसंतपुर मंडी क्षेत्र में चुनाव परिणाम जानने लोगों की खासी भीड़ रहेगी। चारो विधानसभा क्षेत्र के लोग मंडी क्षेत्र में दिखाई देंगे।

### मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस में

राजनांदगांव ससदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच है। 8 विधानसभा वाले राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपने पूर्व सांसद संतोष पांडे पर एक बार फिर विश्वास करते हुए पार्टी की टिकट दी है। वही छ.ग. के पूर्व सीएम भूपेश बघेल कांग्रेस की ओर से चुनाव मैदान में है। चूंकि गत विधानसभा चुनाव में राजनांदगांव को छोड़ डोंगरगढ़-डोंगरगांव व खुज्जी सहित मानपुर-मोहला व खैरागढ़ में कांग्रेस को जीत मिली इसलिए पूर्व सीएम श्री बघेल को अपनी जीत का पूरी उम्मीद है। वहीं राजनांदगांव सहित कवर्धा पंडरिया में भाजपा अच्छी मार्जिन से भाजपा जीती है। इसलिए संतोष पांडे का जीत की उम्मीद बंधी हुई है। वैसे भी बता दे कि विधानसभा चुनाव में लोग राज्य में कैसी सरकार होनी चाहिए इसे सोचकर वोट देते है। इसी तरह लोकसभा चुनाव में केन्द्र में कैसी सरकार होनी चाहिए इसे देखकर अपने मत का फैसला करते है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में भाजपा का मतप्रतिशत 50 से उपर रहता है वही कांग्रेस 30 के आसपास जाता है। वही विधानसभा चुनाव में ठीक इसके उलट देखा जाता है। इसलिए राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की जीत की उम्मीद बंध गई है। इसका इशारा विभिन्न टीवी चैनलों के एक्जीट पोल ने भी कर दिया है।

चैनलों के हिसाब से छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्र में से लगभग 11 को ही भाजपा के खाते में जाते हुए दिखा रहा है। साथ ही प्रदेश के कोरबा व कांकेर में कड़ी टक्कर होने के बाद भी जीत का सेहरा भाजपा के माथे पर बंधते हुए बताया जा रहा है।

# शहर में दो स्थानों पर हुई चोरी की वारदात

**पुलिस कर रही काम्बिग गस्त.... चोर चोरी करने में मस्त**



राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में चोरी की वारदाते बढ़ गई है। पुलिस इधर गुंडा बदमाश तत्वों की धर-पकड़ कर रही है। अवैध शराब बेचने वाले लगभग रोजाना उनके गिरफ्त में आ रहे है लेकिन चोर पकड़े नहीं जा रहे।

गत दिनों बसंतपुर थाना क्षेत्र के साई दर्शन कालोनी में दिनदहाड़े एकती केम्पस में चोरो ने तीन घरों का ताला तोड़कर लाखों रूपए के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ किया। बुधवार 30 मई को हुई उक्त घटना को अंजाम देने वाले चोर पुलिस के हाथ अभी तक नहीं लग पाया है। बता दे कि पुलिस इन दिनों चोर-बदमाशो असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने काम्बिंग गस्त चला रही है। इसके बावजूद चोर इन्हें चुनौती देते हुए दिन-दहाड़े सूने मकान को निशाना बना रहे है। चोरी कार्य को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जा रहे है।

### ब्राम्हण पारा में चोरी

जानने में आ रहा है कि चोर शहर के ज्यादातर सूने मकानों को निशाना बना रहे है। चोरों ने ब्राहमण पारा के एक सूने घर में चोरी कर लाखों के गहने व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना एक जून की बताई जाती है। ब्राहमण पारा निवासी खुशीकांत शर्मा पिता तारम शर्मा (27 वर्ष) जो बैंक में प्राईवेट जॉब करता है वह अपनी पत्नी बच्चों को लेकर शादी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए रायपुर गया हुआ था। इस दौरान उसके सूने घर को अच्छा टारगेट मानते हुए चोरों ने एक तारीख की रात चोरी कार्य को अंजाम दिया। चोरों ने सूने घर में माल-असवाव ढूंढने पूरे घर को अस्त-व्यस्त कर डाला। आलमारी के नहीं खुलने पर उसे तोड़-मोड़ डाला। पीड़ित खुशीकांत शर्मा ने बताया कि सोने-चांदी के लगभग डेढ़ लाख के जेवरात व कुछ नगदी रकम पर चोरों ने हाथ साफ किया है।

उन्होंने बताया कि शादी से आने के बाद घर का नजारा देखकर उसे समझ में आ गया कि उनके नहीं रहने पर घर में चोरी हुई है। घर की आलमारी से गहने-जेवर गायब थे। श्री शर्मा ने कोतवाली पुलिस में लिखित में आवेदन प्रस्तुत की है। बताया जाता है कि चोरी की घटना के सम्बंध में आज एफआईआर दर्ज होगी।

### आजाद चौक में चोरी

शहर के व्यस्त बाजार आजाद चौक के एक कपड़ा दुकान में एक नाबालिग लड़के ने गल्ले से रकम की चोरी की है। नाबालिग द्वारा करने की घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो चुकी है जिसमें वह साफ-साफ दुकान के अन्दर जा कर गल्ले से रकम निकालते हुए दिखाई दे रहा है। उक्त कपड़ा दुकान गोशाला सुपर मार्केट के पीछे भाग में स्थित है। तनछूई क्लाथ स्टोर्स के नाम से संचालित उक्त कपड़ा दुकान की मालकिन एक महिला है जिसे चोपड़ा परिवार की बहु होना बताया जाता है। घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज किया गया है कि नहीं। इस बार में जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। बहरहाल आए दिन शहर सहित जिले भर में चोरी की वारदात बढ़ने से पुलिस की काम्बिंग गस्त से लेकर कड़ी चौकसी पर उगलिया उठने लगी है।

## पहला कॉलम...

# ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप आज से प्रारंभ



**5 से 20 वर्ष तक के विद्यार्थी ले सकते हैं भाग, एनआईएस कोच देंगे तीरंदाजी का गहन प्रशिक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, गौरव पथ राजनांदगांव स्थित तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र में ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप का आयोजन 4 जून से 30 जून तक किया गया है। सीनियर एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि उक्त तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें दो आयु वर्ग में तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम 5 से 15 वर्ष का ग्रुप एवं द्वितीय 15 से 20 वर्ष का ग्रुप रहेगा। नए खिलाड़ियों को बेसिक प्रशिक्षण एवं पुराने खिलाड़ियों को एडवांस प्रशिक्षण कैंप में दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में एनआईएस कोच कुशल रजक नियमित रूप से एक-एक खिलाड़ी के परफारमेंस की जांच कर बारीकियों से प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। श्री साहू ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त तीरंदाजी प्रशिक्षण कैंप में भाग लेने की अपील की है।

# कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील होगी भूपेश की बड़ी हार- कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज दावा करते हुए कहा कि 4 जून को छत्तीसगढ़ लोकसभा परिणाम में 11 सीटों पर भाजपा विजई होगी और कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित होने के लिए लालायित नेता भूपेश बघेल को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। श्री राजपूत ने कहा कि विगत 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढ़ की संस्कृति के नाम से भ्रष्टाचार और शराबबंदी की बात करने वाले बघेल ने शराब में ही भ्रष्टाचार किया, कपोल कल्पित छत्तीसगढ़िया बाद का ढोंग रचने वाले ठगेश का ढोल यहां की जनता 4 जून को बजाएगी। और इस तरह से पूरे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का सफाया हो जाएगा, श्री राजपूत और अब मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अग्रसर हो चुका है।

# निर्मल मलिक का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। रिटायर्ड लोको पायलट निर्मल मलिक का 65 वर्ष की उम्र में सोमवार की सुबह 11 बजे निधन हो गया। वे भाजपा के वरिष्ठ नेता असीम मलिक के बड़े भाई थे। इनकी अंतिम यात्रा 4 जून दिन मंगलवार को 11 बजे निज निवास जनता ड्रेसेस के पीछे वार्ड नंबर 18 से छीरपानी मुक्तिधाम जाएगी।

# जन्मदिवस के अवसर पर प्रकृति प्रेम के सात संकल्प

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के संस्कार समाज सेवा में समर्पित व्यक्तित्व सौरभ खंडेलवाल विभिन्न धार्मिक संस्थाओ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके जन्म दिवस पर विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं ने बधाई दी।

सनातन धर्म सेवा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक एवं गोविंद जोशी, योगेश साहू ने टीम के साथ रेल्वे स्टेशन में जल सेवा करते हुए स्वयंसेवक सौरभ खंडेलवाल का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पर्यावरण संरक्षक धार्मिक संस्थान एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने जन्मदिवस के अवसर पर प्रकृति प्रेम का 7 संकल्प लिया।



स्वयंसेवा की मिशाल सौरभ खंडेलवाल

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की महिला टीम की शहर प्रमुख मौसमी शर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षक प्रकृति प्रेमी सौरभ खंडेलवाल के जन्म दिवस पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि में प्राकृतिक प्रेम के 7 संकल्प लिया है। पानी बचाओ, वेस्ट से ईकोब्रिक्स बनाओ, पॉलिथीन हटाओ, नदियों को शुद्ध एवं स्वच्छ रखें, अपने घर आंगन को हरा भरा रखें, औषधि युक्त पेड़ लगाए एवं अपने शहर को स्वच्छ रखें स्वच्छता में सहभागिता निभाएं, सामूहिक संकल्प ग्रीन राजनंदगांव क्लीन राजनांदगांव सेवा में समर्पित व्यक्तित्व सौरभ खंडेलवाल को जन्म दिवस की बधाई देने मौसमी शर्मा, मीना पांडे, रोशनी रायचा, मधु अग्रवाल, माया शर्मा, ममता शर्मा, प्रतिभा खंडेलवाल, ममता सोनी, कृष्णा सोनी, आरती शर्मा, वंदना तिवारी, अनुराधा लोहिया, मंजू लता जोशी, सविता जोशी ने दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की बधाई दी।

## राजधानी के लालागंगा शॉपिंग कॉम्पलेक्स में लगी आग

रायपुर। राजधानी रायपुर के लाल गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में सोमवार को आग लग गई है। आग लगते ही काम्पलेक्स में अफरा तफरी मच गई और सभी दुकानदार अपनी दुकानें छोड़ बाहर निकल गये। सूचना पर मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर राजधानी रायपुर के लाल गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्थित इलेक्ट्रिक पैनल रूम में शॉट शर्किट की वजह से आग लग गई तथा पूरे कॉम्पलेक्स में फैलने लगी। सुरक्षा के मद्देनजर सभी दुकानदारों से दुकाने बंद करवा दी गई तथा कॉम्पलेक्स के दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया किंतु सफल नही होने पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया।

जिन्होंने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ज्ञात हो कि लालगंगा शॉपिंग मॉल में एक साल पहले भी आग लगी थी। इस दुर्घटना में किसी प्रकार के बड़े नुकसान की सूचना नही है।

# राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल को एग्जिट कर दिया - मनोज निर्वाणी

राजनंदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल को परिणाम आने से पहले ही एग्जिट कर दिया है वैसे भी भूपेश बघेल राजनांदगांव में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए विज्ञापन की तरह आए थे जिसे जनता ने जनता ने नकार दिया है।

मतलब साफ है कि वरिष्ठ और कद्दावर नेता ऊर्जावान सांसद संतोष पांडे को संसद के रूप में देखना चाहती है, मोदी का मैजिक चल गया है। जनता फिर से कमल का फूल भारत मां के चरणों में अर्पित करना चाहती है और 400 का जो नारा है उसमें एक कमल का फूल राजनांदगांव से भी समर्पित करना चाहती है। छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी पूरे 11 के 11 सीट जीतेगी। इसमें कहीं कोई दो मत नहीं भूपेश बघेल जी ने इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय, एडीबी का कार्यालय आए हुए विकास कार्यो के फंड को वापस राजनांदगांव से दूसरी जगह शिफ्ट किया। उसका जवाब जनता देकर रहेगी। 5 वर्षों में छोटी-मोटी मूलभूत समस्याओं के लिए भी तरसती रही और भूपेश बघेल बड़े आनंद के साथ नांदगांव का मजाक उड़ाते रहे। यह पब्लिक है, सब जानती है।



मनोज निर्वाणी ने कहा कि जिले की जनता ने शिवेंद्र बहादुर से लेकर मोतीलाल जी वोरा को भी नहीं बक्शा तो आप तो बहुत बाद में आए हो आपका कद तो संतोष पांडे के आगे बहुत ही छोटा सा दिखाई दे रहा है। भूपेश बघेल के काले कारनामों का जिक्र करें गौठान घोटाला, गोबर घोटाला, महादेव सट्टा घोटाला, भर्ती घोटाला और न जाने कितने घोटाले आपकी सरकार में हुए और 4 जून को मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, उसके बाद आपकी सरकार के घोटालों को जांच भी की जाएगी।

# कलेक्टर ने पौधरोपण करने जिलेवासियों से की अपील

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिलेवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है।



**○ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हर नागरिक का दायित्व**
**○ जिले में लगातार गिरते भू-जल की स्थिति को सुधारने के लिए जल संरक्षण एवं पौधरोपण की बहुत जरूरत**

जिले के नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण करने के साथ ही पौधे की सुरक्षा करने का संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करना एवं उसकी रक्षा करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। पेड़-पौधे के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पौधे जब बड़े होते हैं, तो फल, फूल एवं छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। सभी नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। पर्यावरण को बचाना हम सबकी महती जिम्मेदारी है। पौधे लगाकर हम अपने वर्तमान के साथ ही भविष्य को भी संरक्षित करते हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अब तक मोटर पंप एवं बोर से लगभग 85 प्रतिशत जल का दोहन कर लिया गया है। जिसके कारण भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है।

इसी गति से यदि जल का दोहन होता रहा तो यह चिन्ताजनक स्थिति है। समय रहते इस दिशा में सजग रहते हुए जनसहभागिता से कार्य करने की जरूरत है। इस स्थिति को सुधारने के लिए जल संरक्षण एवं पौधरोपण की बहुत जरूरत है। जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में मिशन जल रक्षा अंतर्गत व्यापक कार्य किया जा रहा है। तालाब, डबरी, कुंआ, बोरवेल, पक्के चेकडैम, मिनी परकोलेशन टैंक जैसी जल संरक्षण संरचनाओं के माध्यम से जल संरक्षण किया जा रहा है। भविष्य को ध्यान रखते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण करने की आवश्यकता है।

### शुभांक

अनुमानित
बी. के
1-4-0
688-2 890-7
राजधानी
3-5-8
179-7 138-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित किया जा रहा विभिन्न जगहों पर प्याऊ घर

राजनांदगांव (दावा)। शासकिय दिग्विजय महाविधालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि व प्रो.करुणा रावटे के नेतृत्व में स्वयंसेवियों द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय के सामने और रोजगार कार्यालय के सामने बढ़ते तेज धूप व गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्याऊ घर खोला गया है। जिसमें स्वयंसेवियों द्वारा लगातार उसमें पानी भरा जाता है।



लगातर बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए गर्मियों के शुरुवात से ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा निरंतर विभिन्न सेवा कार्य किया जा रहा है। स्वयंसेवियों का कहना है कि गर्मियों में तो इंसान की हालात खराब हो गयी है तो बेजुबान जानवर बहुत तड़पते है, इसीलिए पशु-पक्षियों के लिए भी सेवा कार्य किया जा रहा है।

इसी सेवा भावना के साथ निरंतर सेवा कार्य जारी है और स्वयंसेवियों द्वारा संदेश दिया गया कि बढ़ते गर्मी को यदि भविष्य में कम करना हो तो कम से कम 1-1 पौधा लगाएं और उसे बड़ा करने का संकल्प लें जिससे हमारा भविष्य सुरक्षित हो। इस अभियान में स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर, स्वयंसेविकाएं, निकिता अम्बादे, योगिता कुम्बले, नीतू साहू, पल्लवी, पायल, के साथ साथ पुरे इकाई के स्वयंसेवी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

कमांक-238/ रा. नामा/न.प./2024-25 — // नामांतरण प्रकाशन सूचना // — डोंगरगांव, दिनांक 31/05/24

**छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नीचे अंकित भूमि/भवन को नगर पंचायत के सम्पत्तिकर पंजी में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, नाम दर्ज किये जाने के संबंध में कोई भी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।**

| क्र. | आवेदन तिथि | सम्पत्ति धारक/विक्रेता का नाम व पता | खसरा नंबर | संपत्ति/भूमि का प्रकार | क्रेता जिसके नाम पर सम्पत्ति नामांतरण दर्ज किया जाना है। | नामांतरण हेतु आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 24/05/2024 | श्री बाली लोढ़ा पिता-श्री अभय लोढ़ा, सिनेमा लाईन वार्ड-06 डोंगरगांव | 368/2में से, | रकबा 2743 वर्ग मीटर आबादी भूमि | श्री विश्वास शर्मा पिता-श्री कृष्ण कुमार शर्मा वार्ड क्रं.-06 सिनेमा लाईन, डोंगरगांव | पंजीबद्ध बिक्रीनामा |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत डोंगरगांव**

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
03rd May to 06th June 2024
silver SCREEN


Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 and 09:15 pm


Mr and Mrs Mahi - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# रंगीन रोशनी के साथ दीपों से जगमग होगा रानी सागर

**कल से दो दिवसीय शनि महोत्सव में होगी भव्य आतिशबाजी**



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में आगामी 5 व 6 जून को शनि जन्मोत्सव का भक्तिमय भव्य दो दिवसीय आयोजन व दीप महोत्सव रानी सागर तट स्थित शनिदेव धाम मंदिर में किया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए शनि धाम मंदिर के प्रमुख सेवक राकेश ठाकुर ने बताया कि उक्त धार्मिक आयोजन कार्यक्रम संयोजक सुरेश एच. लाल, सह संयोजक रामजी भारती के संयोजन में दिनांक 5 जून को संध्या 7 बजे रानी सागर तट में एक लाख इनक्यावन हजार दीपों को प्रज्जवलित किया जावेगा जिसे संपूर्ण रानी सागर तट में दीपों का दृश्य देखते ही बनेगा तथा इस अवसर पर शनिदेव की महाआरती के समय भव्य मनोरम आतिशबाजी भी नगरवासियों को देखने को मिलेगी तथा 6 जून शनि जन्मोत्सव दिवस पर संध्या 7 बजे शनिदेव की महाआरती भक्तों की द्वारा की जावेगी व प्रसादी वितरण का कार्यक्रम तत्पश्चात होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्षद्वय दुर्गेश यादव, खिलेन्द्र साहू, पंकज गुप्ता बागेश्वर धाम सेवक, झम्मन देवांगन, किशोर सिल्लेदार, सूरज गुप्ता, नारायण कन्नोजे, रमेश भोजवानी, मौसमी शर्मा सनातन धर्मसभा, भोलेदकर जी, डी.सी. जैन, अमलेंदू हाजरा, जय नारायण सिंह, रमेश वानकर, रजनीकांत चिखतकर, पंडित मोहन दुबे, बंटी लाल, महेन्द्र वैष्णव, महिला शक्ति श्रीमती शारदा तिवारी, प्रज्ञा गुप्ता, मधु अग्रवाल, किरण अग्रवाल, वंदना तिवारी, वर्षा अग्रवाल, कांति मौर्य, नंदा नंदे आदि सेवकों व शनिधाम बागेश्वर धाम ट्रस्ट,पेटी ग्रुप,शिवनाथ तट क्षेत्रीय समिति, नगर महिला मंडल, जगन्नाथ महादेव सेवा समिति, राजपूत महिला मंडल आदि ने आयोजन को सफल बनाने व अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। जिसकी बैठक भी पूर्व में बागेश्वर धाम उत्सव भवन में आयोजित की जा चुकी है।

शनिदेव धाम प्रमुख राकेश ठाकुर ने बताया कि शनि जन्मोत्सव के अवसर पर थीम 'मेरा पेड़ मेरा परिवार', अभियान की शुरूवात तथा मातृशक्ति नारी शक्ति के सम्मान में दीपोत्सव का आयोजन हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ मौसम : अब कहर नहीं बरपाएगी गर्मी, कई जिलों में आएगी आंधी, बारिश से जशपुर बेहाल

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए सुकूनभरी खबर है. मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में पारा तीन डिग्री सेल्सियस गिर सकता है. इसके साथ-साथ प्रदेश के कई शहरों में बारिश भी हो सकती है. आने वाले दिनों में पांच दिनों तक बस्तर संभाग के जिलों में आंधी-तूफान चलने के संभावना है. यहां बिजली भी गिर सकती है. हालांकि, 2 जून को प्रदेश के कई जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई थी.

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश और असम में बनी द्रोणिका का असर प्रदेश पर पड़ेगा. सोमवार सुबह जशपुर में तेज आंधी-तूफान के बीच पैरावट में आकाशीय बिजली गिरी. इसके गिरने से पैरावट आग लग गई. यहां खड़े दो मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई. यह घटना बगीचा थाना क्षेत्र के छिछली गांव में हुई. यहां तेज बारिश, आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है. तूफान से कई मकानों को नुकसान हुआ है. कई कच्चे मकानों के छप्पर उड़ गए. पीड़ितों ने इसे लेकर मुआवजे की मांग की है.



### कई जिलों में लू के भी आसार

मौसम विभाग का कहना है कि 3 जून को प्रदेश के कुछ जिलों में लू चलने के आसार हैं. जबकि, अन्य क्षेत्रों में राहत मिलने के संकेत हैं. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कुछ शहरों में हल्की बारिश होने के आसार हैं. जबकि एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने के भी आसार हैं. राजधानी रायपुर में आंशिक बादल छाए रहेंगे. यहां गरज-चमक के साथ छुटपुट बारिस हो सकती है.

# सीआईएसएफ जवान की पत्नी को हाईवा ने कुचला, मौत

भिलाई (दावा)। छत्तीसगढ़ के भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार मां बेटे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मां बाइक से गिरकर हाइवा के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते सीआईएसएफ के अधिकारी और जवान वहां पहुंचे।



**भिलाई में बाइक से बेटे के साथ गई थी राशन लेने, लौटते वक्त हादसे का शिकार**

जानकारी के मुताबिक तालपुरी निवासी प्रमिला भोसले (50 साल) सोमवार 3 जून की सुबह अपने बेटे विशाल भोसले के साथ बोरिया मार्केट घर का सामान लेने गई थी। दोपहर 12 बजे के करीब वो सामान लेकर लौट रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गए। बाइक से उछलकर दूर गिरा बेटा टक्कर लगने से विशाल दूर जा गिरा और पीछे बैठी उसकी मां हाइवा के नीचे आ गई। हाइवा वाले ने गाड़ी को ना रोक तेज रफ्तार से निकाल दिया। इससे उसका पिछला चक्का प्रमिला भोसले के सिर से निकल गया। पूरा सिर कुचल जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रमिला भोसले के पति श्रीराम भोसले सी आई. एस. एफ. में हवलदार हैं। उनकी ड्यूटी इस समय पश्चिम बंगाल में चुनाव में लगी है। विशाल ने मां की मौत की खबर जैसे ही पिता को दी वो परेशान हो गए। उन्होंने तुरंत अपने दोस्त की पत्नी को फोन किया और आई. एस. एफ . के अन्य अधिकारियों को दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में आई. एस. एफ .के जवान और बड़े अधिकारी वहां पहुंचे। उन्होंने प्रमिला के शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के मरचुरी में भेजा। अब वहां उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी ने बताया कि बोरिया गेट हादसों का गढ़ बन चुका ह । यहां ऐसी ऐसी गाड़ियां आती हैं, जिनको बीएसपी से कोई लेना देना नहीं है। लगाता यूनियन ने यह मुद्दा उठाया और पुलिस अधीक्षक को भी लेटर दिया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 10 दिन पहले भी यहां पंथी चौक के पास एक बच्ची की मौत ट्रेलर से कुचल कर हुई थी। यहां पुलिस की चौकी है, लेकिन वहां कोई पुलिस का जवान नहीं रहता है । बोरिया गेट ब्लैक स्पॉट बन चुका है। सोनिया सूर्यवंशी ने बताया कि प्रमिला भोसले उनकी सहेली थी। उनकी मौत किस तरह हुई ये सभी ने देखा है। उनके पति पश्चिम बंगाल में हैं। उनका शव घंटो यहां पड़ा रहा। कोई मदद के लिए नहीं आया। जब उनके पति का फोन आया तो मैं अपने दो बच्चों को लेकर यहां आई हूं। उन्होंने कहा कि प्रमिला को इंसाफ मिलना चाहिए। उधर मां की मौत के बाद विशाल की हालत काफी खराब हो गई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

# वार्ड निरीक्षण : कालोनियों में सफाई एवं निर्माण कार्य देख आयुक्त बरसात के पूर्व नाली नालो की सफाई के दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः अधिकारियों के साथ भरकापारा, पुराना बस स्टैण्ड, कैलाश नगर, मठपारा, शिवनाथ कालोनी, गुजराती कालोनी, कंचनबाग क्षेत्र में सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण कार्य समय में पूर्ण कर, कालोनियों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर बारिश के पूर्व बड़े नाली नालो की सफाई करने के निर्देश दिये।

सफाई निरीक्षण में आयुक्त श्री गुप्ता भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर पहुंच सेन्टर प्रभारी से जानकारी लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच करते हुये कहा कि सेन्टर में एकत्रित अनुपयोगी समान का जल्द निपटन करे, लोगों को स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे और नियमित रूप से यूजर चार्ज वसूली करे। इंदिरा सरोवर के चारों ओर साफ सफाई रखने कटीली झाडिया काटने के निर्देश दिये, तालाब में गंदगी नहीं फैलाने लोगों को समझाईस देवे, सरोवर के पास स्थित मंदिरों के आस पास साफ सफाई रखे, सरोवर के पास के नाला तथा कैलाश नगर यूनाईटेड हास्पिटल के पीछे का नाला के अलावा अन्य नालो की अच्छे से सफाई की जावे, ताकि बरसात में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। साथ ही कालोनियों में नियमित साफ सफाई कर लोगों को भी कालोनी में साफ सुथरा रखने, स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे।

आयुक्त श्री गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान कैलाश नगर में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण, परशुराम भवन में सामुदायिक भवन निर्माण, शिवनाथ कालोनी में उद्यान, गुजराती कालोनी में जलाराम मंगल भवन व उद्यान निर्माण तथा कंचनबाग में महिला मण्डल भवन निर्माण कार्य देख निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, समय सीमा में निर्माण पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके से कहा। उन्होंने कहा कि समाजिक भवनों का निर्माण समाज वालो की मंशानुरूप कराया जावे, जिससे उन्हें लाभ मिल सके। उसी प्रकार उद्यान निर्माण के अलावा उसका उचित रखरखाव तथा साफ सफाई रखने कालोनीवासियों को समझाईस देवे। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता श्रीमती ज्योति साहू व अनुप पाण्डे, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी तथा स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# सामान्य प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने मतगणना कार्य की तैयारियों का लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल मतगणना कार्य की तैयारियों का जायजा लेने छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन कृषि उपज मंडी बसंतपुर स्थित मतगणना कक्ष पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे।



सामान्य प्रेक्षक श्री रंजन ने मीडिया कक्ष, उद्घोषक कक्ष, मतगणना कक्ष, टेबुलेशन कक्ष सहित यहां लगाये गये सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मत पत्रों, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लिप काउंटिंग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना कार्य की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए मतगणना कार्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना शुरू की जाएगी। इसके बाद ईवीएम मशीनों से मतगणना कार्य किया जाएगा। उन्होंने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था, प्रवेश मार्ग, पार्किंग, मोबाइल एवं इलेक्ट्रानिक गेजेट्स चेकिंग, मतगणना कक्ष में मूवमेंट की सीसीटीवी के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मतगणना दिवस को नगर निगम सीमा में स्थित सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने आदेश जारी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून 2024 को मतगणना दिवस को नगर निगम सीमा में स्थित सभी मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने देशी मदिरा दुकान रेवाडीह बायपास, देशी मदिरा दुकान मण्डी बायपास, विदेशी मदिरा दुकान रेवाडीह बायपास, विदेशी मदिरा दुकान मण्डी बायपास, विदेशी मदिरा दुकान वार्ड नंबर 22 राजनांदगांव, एफएल 3 थ्री स्टार राज इम्पीरियल होटल बार रेवाडीह, एफएल 3 होटल राजदूत जीई रोड, एफएल 3 ब्लू डायमण्ड बार जीई रोड, एफएल 3 सोनू बार जीई रोड, एफएल 3 सम्राट होटल बार जीई रोड, एफएल 3 आवाना होटल बार थ्री स्टार जीई रोड, मद्य भण्डारण-भाण्डागार तथा भांग व भांगघोटा दुकान को मतगणना को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिया है। मतगणना दिवस को सभी संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार सपूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरुकता दिवस के मद्देनजर 7 दिनों का विशेष अभियान



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) जागरुकता दिवस 6 जून 2024 के मद्देनजर सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित समपार फाटक पार करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर द्वारा 4 जून से 10 जून 2024 तक 7 दिनों का विशेष संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत श्रीमती नमिता त्रिपाठी- मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी किरण मोहन गजभिये के मार्गदर्शन में वाणिज्य, परिचालन, इंजीनियरिंग, संरक्षा एवं रेल सुरक्षा बल के अधिकारीगण, संरक्षा सलाहकार, नागरिक संरक्षा स्वयं सेवक तथा संबन्धित रेल कर्मियों द्वारा मण्डल के अंतर्गत सभी रेल खंडों के समपार पर संरक्षा संबंधी पाम्पलेटए नुक्कड़ नाटक एवं समझाइश देकर सड़क उपयोगकर्ताओ को जागरूक किया जायेगा। इस के अलावा रेलवे स्टेशनों में बैनर/पोस्टर तथा उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से जागरूकता के साथ-साथ सुरक्षित ढंग से समपार फाटक पार करने, सिग्नल हरा होने पर ही आगे बढने, समपार बंद होने पर बैरियर अथवा बंद गेट बैरियर के नीचे से ना गुजरनेए फाटक बंद हो तो खुलने का इंतजार करने, फाटक पर यातायात नियमों का पालन करने और समपार फाटक पार करते समय मोबाइल/ईयरफोन का इस्तेमाल कतई न करने आदि का आग्रह किया जाएगा।

**समय बहुमूल्य है, परन्तु जीवन अमूल्य है**

# डॉक्टर जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण के साथ सत्र आरंभ



राजनांदगांव (दावा)। गुणवत्तायुक्त शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाला संस्थान डॉक्टर जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण का कार्यक्रम आज से आरंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को प्रणाम करने के पश्चात संस्था के फाउंडर, छत्तीसगढ़ के प्रख्यात शिक्षाविद डॉक्टर जेबी सिंह की स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 1 मिनट का मौन रखा गया। प्राचार्यगण, एचओडीज़, कोऑर्डिनेटर्स, वाइस प्रिंसिपल्स की मीटिंग में शिक्षण की बारीकियों को समझाते हुए छत्तीसगढ़ बोर्ड के प्राचार्य गोपाल साहू ने बच्चों से शिक्षकों के कनेक्ट होने को महत्वपूर्ण बताया। एक शिक्षक का ज्ञानवान होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसका बच्चों से कनेक्ट होना।

इसी कड़ी में सीबीएसई बोर्ड की प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल ने शिक्षा के साथ मूल्यों की स्थापना पर जोर दिया जिसके लिए यह संस्थान जाना जाता है। अनुशासन ,बच्चों की सहभागिता, शिक्षकों का अपग्रेडेशन एवं समय-समय पर ओरियंटेशन के महत्व को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

संस्था के अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि आज से आरंभ होकर आगामी 15 दिनों तक छत्तीसगढ़ के प्रख्यात शिक्षा विदों के प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें भारत देश के जाने-माने संस्थान राजकुमार कॉलेज में लंबी सेवाएं दे चुके रमेश खाखरियाल, संजय मिश्रा, छत्तीसगढ़ के प्रमुख मनोचिकित्सक डॉक्टर प्रमोद गुप्ता एवं कोटा जयपुर के शिक्षाविदों के द्वारा भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्था में पढ़े छात्र और अभी अमेरिका में सेवाएं दे रहे गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अमित झा, वैभव बैद, सऊदी अरब में अंतरराष्ट्रीय कंपनी में प्रमुख के रूप में कार्यरत आशुतोष झा से भी प्रशिक्षण गोष्ठियां आयोजित की जायेगी।

# रक्तदाताओं का किया जाएगा सम्मान

**विश्व रक्तदाता दिवस पर सम्मान हेतु आवेदन आमंत्रित**

राजनांदगांव (दावा)। विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून को राज्यपाल एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में राजभवन स्थित दरबार हॉल में रक्तदाताओं का सम्मान किया जाएगा। जिसके लिए आवेदन 4 जून 2024 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव, जिले के ब्लड बैंकों में एवं जिला संगठक प्रदीप शर्मा (मोबाईल नंबर 9907140009) के पास जमा किया जा सकता है। सम्मान के लिए श्रेणियां निर्धारित की गई है। जिसमें जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाता का सम्मान, जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले महाविद्यालयीन विद्यार्थियों का सम्मान, जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले शासकीय कर्मचारियों का सम्मान, रेडक्रॉस को रक्तदान शिविर आयोजन में सहयोग करने वाले श्रेष्ठ संगठन, सामाजिक संस्था, समाजसेवी संस्था, औद्योगिक संस्थान एवं शैक्षणिक संस्थान के पदाधिकारियों का सम्मान शामिल है।

# डोंगरगांव शराब दुकान में नहीं रुक रही मारपीट की घटना, पहले मैनेजर और अब गार्ड की पिटाई



डोंगरगांव (दावा)। नगर में स्थित शासकीय मदिरा दुकान में रविवार की सुबह जमकर मारपीट हुई है, जिसमे शराब दुकान के गार्ड झंकार पटेल को कुछ अज्ञात लोगों ने जमकर मारपीट की, जिससे गार्ड के शरीर में चोंट आई है तथा उसका एक हाथ फेक्कर हो गया है। डोंगरगांव शराब दुकान में मारपीट का यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी यहां काम करने वाले कर्मचारियों से कई बार मारपीट हुई है। इसको लेकर किसी भी आबकारी अधिकारी व पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। इससे पहले भी मैनेजर के साथ हो चुकी है, मारपीट की घटना डोंगरगांव शराब दुकान में कुछ दिन पहले ही देशी शराब दुकान के मैनेजर कैलाश देवांगन को कुछ लोगों ने जमकर पिटाई की जिससे उसे भी काफी चोंट आई थी।

**पिटाई से हुआ गार्ड का एक हाथ फेक्कर**

### शराब दुकान के कर्मचारी असुरक्षित

डोंगरगांव शराब दुकान में एक के बाद एक मारपीट की घटना सामने आ रही है। जिससे वहां के कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि यहां काम करने में डर लगता है कि कब कौन आकर किस कर्मचारी को मार के चला जाये, तब भी कोई कुछ नहीं कर सकता। किसी पर कोई कार्यवाही नहीं होती, उल्टा हमें यह समझया जाता है कि किसी से मत उलझो शांति से दुकान चलाना है।

### अधिकारी रहे उदासीन

आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर से बात करने पर बताया कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी है। आबकारी अधिकारी कुसुमलता झोले ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। गार्ड को एफआईआर दर्ज करने के लिए बोल दिया गया है।

## अनमोल दावा

> जिनकी बुद्धि अनेक शाखाओं में विभाजित रहती है वो अपने लक्ष्य को कभी प्राप्त नहीं कर पाते।

## लोकतंत्र के लिए अब नतीजों का इंतजार

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से जितनी कड़वी बातें बोली जाती हैं, वे सब नतीजों से धुल जाती हैं। जनता अपने विवेक के साथ उनमें से किसी को सत्ता इसलिए सौंपती है कि उसका भविष्य बेहतर हो।

मौसम और कुछ अन्य वजहों से बड़े पैमाने पर लोग मतदान केंद्रों पर नहीं पहुंचे। इसके बावजूद मतदान के संतोषजनक आंकड़ों से यही पता चलता है कि लोगों ने नई सरकार का चुनाव करने के लिए यथासंभव योगदान दिया।

लोकसभा के लिए सात चरणों में हुए मतदान लगभग सहज तरीके से संपन्न हो गए। इस तरह लोकतंत्र के पर्व का यह आयोजन पूरा हुआ और इसके साथ ही सभी उम्मीदवारों की किस्मत मतों की गिनती तक चुनाव आयोग के संरक्षण में रहेगी। अब जाहिर है, इसके बाद समूचे देश को इसके नतीजों का इंतजार होगा, जिसकी घोषणा चार जून को होगी। हालांकि चुनाव में राजनीतिक दलों के बीच जिस स्तर की खींचतान रही, उत्तेजना का माहौल रहा, उसमें उम्मीद यही थी कि इस बार मतदान का फीसद शायद ऊंचा रहे, लेकिन मौसम और कुछ अन्य वजहों से बड़े पैमाने पर लोग मतदान केंद्रों पर नहीं पहुंचे। इसके बावजूद मतदान के संतोषजनक आंकड़ों से यही पता चलता है कि लोगों ने नई सरकार का चुनाव करने के लिए यथासंभव योगदान दिया। कमोबेश शांति से गुजर गए मतदान के बाद अब यह परिणाम पर निर्भर रहेगा कि आने वाले वक्त में देश की बागडोर किसके हाथ में होगी और आगे की दिशा क्या होगी।

गौरतलब है कि इस चुनाव में राजनीतिक दलों के मुख्य रूप से दो ध्रुव बन गए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और इसमें शामिल दलों का नेतृत्व जहां भाजपा कर रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन च्इंडियाज् और उसमें शामिल दलों का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। राजग की कमान थामे भाजपा चूंकि बीते दो कार्यकाल से सत्ता में रही, तो माना जा रहा था कि इस चुनाव में उसके शासन को लेकर अगर कोई असंतोष होगा तो वह मतदान में फूटेगा।

अगर ऐसा होता है तो इसका स्वाभाविक लाभ विपक्षी गठबंधन को मिलेगा और वह सरकार बनाएगी। मगर चुनाव का अध्ययन करने वाले समूहों ने जिस तरह भाजपा के मैदान में कायम होने की उम्मीद जाहिर की, उससे यही लगता है कि लड़ाई फिलहाल कांटे की है और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले तमाम लोग अब बस इंतजार करेंगे कि देश की बागडोर किसके हाथों में जाएगी।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से जितनी कड़वी बातें बोली जाती हैं, वे सब नतीजों से धुल जाती हैं। जनता अपने विवेक के साथ उनमें से किसी को सत्ता इसलिए सौंपती है कि उसका भविष्य बेहतर हो।

# जीत के नये मानक गढ़ती भाजपा और निस्तेज होता विपक्ष

**- ललित गर्ग -**



लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एडीए) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए पूर्व के सारे रिकार्ड को ध्वस्त कर देंगे। मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है। विपक्ष के लिये जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुस्लिम तुष्टीकरण, मुफ्त की रेवड़ियां बांटने, संविधान बचाने के भ्रामक ड्रामा एवं देश तोड़ने की सोच से ऊपर उठकर विपक्ष की भूमिका का सार्थक करें। कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। जिसमें भाजपा एक बार फिर सारे मिथक तो?ते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा की सफलता को इसलिए भी ब?ा माना जा रहा है क्योंकि उसने सारे विपक्षी दलों के गठबंधन एवं शक्ति को मात दी। भाजपा न केवल अपनी सरकार बचाते हुए दिख रही है बल्कि भारत को एक नये युग में ले जाने के लिये प्रतिबद्ध दिख रही है। निश्चित ही सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने के लिये भाजपा एक लहर बन चुकी है और इस लहर ने पूरे मुल्क के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई दी है।

अब भारत का मतदाता परिपक्व हो चुका है, उसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र जिस रूप में सशक्त हो रहा है, उसी के अनुरूप राजनीतिक चरित्र को गढ़ना होगा, उसके प्रति भी राजनीतिक दलों को एहसास कराना होगा, जहां से राष्ट्रहित, ईमानदारी और नए मनुष्य की रचना, सशक्त अर्थव्यवस्था एवं विकास की तीव्र रफ्तार, खबरदार भरी गुहार सुनाई दे। कोई भी दल हो, अगर ये एहसास नहीं जागता है तो मतदाता दिखा देता है उनको शीशा, वही छीन लेता है उनके हाथ से दियासलाई और वही उतार देता है सत्ता का मद। कहने का मतलब सिर्फ इतना सा है कि देश की सियासी फिजां को बदलने में विपक्षी दलों को अधिक ईमानदार, जिम्मेदार एवं पारदर्शी होना होगा। विपक्ष दल अपनी जिम्मेदारियां से भागते हुए देश से ज्यादा दल को महत्व देने का परिणाम इन चुनाव में देख लिया है। भाजपा की तुलना में अन्य दलों पर दाग ज्यादा और लम्बे समय तक रहे हैं। इन दलों को न केवल अपने बेदाग होने के पुख्ता प्रमाण देना होगा, बल्कि जनता के दर्द-परेशानियों को कम करने का रोड मेप तैयार करते हुए अपना विपक्षी होने के धर्म को निभाना होगा, तभी वे आदर्श विपक्ष के हकदार बन सकेगे। हमने इन चुनावों में देखा है कि केवल झूठे आश्वासनों से मतदाता को गुमराह करने के दिन अब लद गये है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि विभिन्न विपक्षी दल अपने को, समय को, अपने भारत को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को पहचानने वाला साबित नहीं कर पाये हैं। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, उसने चौदह गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। देश को बांटने एवं तोड़ने वाले मुद्दे कब तक भाप बनते रहेंगे? भाजपा को चुनौती देनी है तो विपक्षी दलों को अपना चरित्र एवं साख दोनों को नये रूप में एवं सशक्त रूप में प्रस्तुति देनी होगी। अन्यथा इन लोकसभा चुनावों की तरह आगे के जितने भी चुनाव होंगे उनके चुनाव परिणाम इसी तरह निराश करते रहेंगे। इससे विचित्र और हास्यास्पद और कुछ नहीं कि कांग्रेस समेत अन्य इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एक ओर जोर-शोर से यह दावा करने में लगे हैं कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 सीटें मिल रही हैं, सपा नेता अखिलेश उत्तरप्रदेश में 80 में 79 सीटों पर जीत का दावा किया, जब एग्जिट पोल ने उनके इन दावों की पोल खोल दी, आज घोषित हो रहे चुनाव परिणामों में भाजपा जब ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है तो विपक्षी दलों के नेता मतगणना में गड़बड़ी की निराधार आशंकाएं जताकर भ्रम फैलाने में लगे हैं। भ्रम फैलाने की इसी कोशिश के तहत कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने यह अनर्गल दावा किया कि मतगणना को प्रभावित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिलों के जिलाधिकारियों को फोन किया है। उन्होंने यह बेतुका आरोप लगाते हुए यह समझा होगा कि इससे उन्हें एक फर्जी नैरेटिव खड़ा करने में मदद मिलेगी और उनकी हार पर पर्दा पड़ जायेगा। यह विडम्बना एवं विसंगति विपक्षी दलों को मजबूत करने की बजाय लगातार कमजोर ही कर रही है। वैसे भी भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं, सभी ऊंचे मूल्यों को स्थापित करने की, आदर्श की बातों के साथ आते हैं पर सत्ता प्राप्ति की हो? में सभी एक ही संस्कृति को अपना लेते हैं। मूल्यों की जगह कीमत की और मुद्दों की जगह मतों की राजनीति करने लगते हैं। चुनावों की प्रक्रिया को ही नहीं, चुनाव मतगणना की प्रक्रिया को भी विपक्षी राजनैतिक दलों ने अपने स्तर पर भी कीचड़ भरा कर दिया है। ऐसा स्वकल्याण की सोचने वाला विपक्ष किस तरह लोक कल्याण के मुद्दों को बल देगा? बिना विचारों के दर्शन और शब्दों का जाल बुने यही कहना है कि लोकतंत्र के इस सुन्दर नाजुक वृक्ष को नैतिकता के पानी और अनुशासन की ऑक्सीजन चाहिए। जीत किसी भी दल को मिले, लेकिन लोकतंत्र को शुद्ध सांसें मिलनी ही चाहिए।

कुल मिलाकर लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत से तो पार्टी के हौसले स्वाभाविक रूप से बड़े। इसके अलावा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कमजोर होती दिखी, कमजोर ही क्या उसका तो लगभग सफाया ही होता जा रहा है। कांग्रेस के निष्प्रभावी केन्द्रीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस के कई कद्दावर नेता अलग हो गए। उससे भी भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। इस बार कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी कमजोर पार्टी बनकर उभरी है। उसकी कमजोरी न केवल राजनीतिक स्तर पर बल्कि मानसिक स्तर पर स्पष्ट दिख रही है। कांग्रेसी एवं विपक्षी नेताओं की हरकतों से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वे अपनी संभावित हार का ठीकरा चुनाव आयोग, मीडिया आदि पर फोड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। यही कारण है कि उन्होंने एक्जिट पोल के नतीजों को न केवल अस्वीकार कर दिया, बल्कि उन्हें भाजपा प्रायोजित भी करार दिया। एक्जिट पोल को लेकर कांग्रेस इतनी दुविधाग्रस्त थी कि पहले उसने टीवी चैनलों पर होने वाली चर्चा का बहिष्कार करने का फैसला किया और फिर फजीहत होती देखकर उसमें शामिल होने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। क्योंकि लोगों ने हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लोगों ने यह भी देखा है कि किस प्रकार भारत में सुधारों ने देश को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए यहां तक कह दिया कि अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने के बजाय घायल ही किया। मोदी सरकार के तौर-तरीकों पर आम जनता का विश्वास ही इस ऐतिहासिक जीत का कारण बना है। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति, महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण, अर्थव्यवस्था, संविधान जैसे तमाम मुद्दे थे जिस पर जनता ने मोदी सरकार की नीतियों एवं साफ-सुथरी छवि पर मुहर लगायी है। कानून व्यवस्था, राजनीतिक अपराधियों पर अंकुश और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जनता को साफ संदेश मिला कि भारत में विकास, सुशासन, सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण जीवन के लिये मोदी ही सबसे उपयुक्त है। ऐसे में ताजा नतीजे भाजपा की रणनीति एवं सिद्धान्तों पर खरे उतरें।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
मो. 9811051133

# मन में बसे हैं राम -166 : श्री राम के हवन की अग्नि रेखाओं में उभरी भगवान विष्णु की आकृति

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गुरु वशिष्ठ ने कहा, ''राम! तुम तो स्वयं संयम और मर्यादा की पराकाष्ठा हो, तथापि तुम्हें रीति के अनुसार संयम व्रत का पालन करना होगा। याद रखना युवराज का पद एक ऐसा उत्तरदायित्व है, जिसे ग्रहण करने के बाद तुम्हारा निज कुछ नहीं रहेगा और एक तरह से तुम प्रजा के ही होकर रह जाओगे।''

''जी गुरुदेव!'' श्री राम ने उत्तर दिया।

गुरु वशिष्ठ ने आगे कहा, ''आपके पिता राजा दशरथ आज जिन परिस्थितियों में अचानक राज पद के प्रति अरुचि रखने लगे हैं, उन्हें देखते हुए अयोध्या प्रशासन में तुम्हारी भूमिका एकाएक सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो गई है। हो सकता है,जो संयम व्रत तुम अब प्रारंभ करने जा रहे हो,वैसा त्याग से पूर्ण जीवन तुम्हें इस राज्य और संपूर्ण जंबूद्वीप के कल्याण के लिए आगे भी अनिश्चितकाल तक जारी रखना पड़ जाए।'' गुरु वशिष्ठ की बातें सुनकर श्री राम ने कहा, ''मुझे ज्ञात है गुरुदेव और गुरु विश्वामित्र ने वन के पथ पर हमें संकटों में भी चलना सिखा दिया है।मैं वन में रहने वाले निवासियों का कष्ट देखकर आया हूं, उससे मुझे एक ही बात स्पष्ट हुई है कि राजपद संभालने वाले व्यक्तियों का जीवन कांटों से भरा होता है। इस पथ पर चलकर राज्य की रक्षा के लिए कठोर संयम व्रत तो वैसे भी आवश्यक है गुरुदेव। मैं इसके लिए तैयार हूं!''

जानकी जी ने अपने पति के मत का समर्थन करते हुए कहा, ''मैं कुमार के पथ की अनुगामिनी बनने के लिए पूरी तरह तैयार हूं गुरुदेव।''

गुरु वशिष्ठ ने श्री राम और जानकी जी को व्रत पालन के संबंध में कुछ निर्देश दिए और इसके बाद उन्होंने राजा दशरथ से भेंट के लिए प्रस्थान किया।

श्री राम ने सम्पूर्ण राजसी वस्त्र और आभूषण के स्थान पर अपनी पीतांबर धोती और लाल रंग के अंग वस्त्रम को धारण किया। दोनों ने उपवास का व्रत लिया। सीता जी ने अनुष्ठान के लिए पीले रंग की साड़ी पहनी। दोनों राजप्रासाद के परिसर में ही बने हुए भगवान विष्णु के मंदिर में पहुंचे और सबसे पहले हाथ जोड़कर उनकी प्रतिमा को प्रणाम किया। दंडवत हो जाने के बाद श्री राम और सीता जी ने भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए विधिपूर्वक पूजा अर्चना की और हवन के लिए पवित्र अग्नि में आहुति देना प्रारंभ किया।

आहुतियों के क्रम में प्रज्वलित अग्नि रेखाओं में स्वतः ही भगवान विष्णु की आकृति बन गई। नारायण स्वयं नारायण का ध्यान कर रहे हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### नेताओं का चार जून और जनता का 13 जून

बानी बोले हँसकर- ''गजाधर!
नेताओं के लिए धुकधुकी का है चार जून।
और हम लोगों के लिए
खुशी का है तेरह जून,
जब हमारे छत्तीसगढ़ में,
पहुंचेगा मानसून।''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''हाँ! बानी! चार जून को
जो नेता जीत जाएंगे
वे खुशी के गीत गाएंगे और हारे हुए नेता
मायूस हो जाएंगे। पर तेरह जून
जब पहुंचेगा यहाँ मानसून
तब नवतपा में खूब तपे
हम सब लोग आंगन में आ जाएंगे
और बरसते पानी में
नाच-नाचकर अपनी-अपनी
मर्जी के गीत गाएंगे।''



-गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### लालच

राजेन्द्र और रोहिणी के बीच तलाक हुए दस बरस बीत गये। गौरव की परवरिश राजेन्द्र ने किया। गीतिका रोहिणी के पास पली-बढ़ी। राजेन्द्र ने गौरव के वास्ते दूसरी शादी नहीं की। रोहिणी ने अपना दूसरा घर बसा लिया। उसे जयेश से एक और बेटी सुनंदा मिली।

इसी बीच उनके एक ही शहर में होने के कारण गौरव अपनी माँ रोहिणी से अक्सर मिलने चला जाया करता था पर गौरव के बड़े होने पर जयेश को पता नहीं क्या सूझा कि अपने परिवार से उसके मिलने-जुलने पर सख्ती बरतने लगा। फिर भी जयेश की अनुपस्थिति में गौरव रोहिणी से मिल लिया करता था।

एक दिन रोहिणी ने ही बड़े कड़े स्वर में गौरव से कहा- 'गौरव! आज के बाद तुम इस तरह मुझसे मिलने मत आना। अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीयो। तुम अकेले भी तो नहीं हो। तुम्हारे साथ तुम्हारे पापा हैं।' रोहिणी का सख्त स्वर सुन कर गौरव को बड़ा दुख हुआ- 'मम्मी! मैं बड़ा लालची हो गया हूँ। एक ही लालच मुझे आप तक खींच लाता है।'

'लालच! लालच... किस चीज का?' रोहिणी के मन में घबराहट और अचरज दोनों ने एक साथ दस्तक दिया।

'आपके प्यार का।' कहते हुए गौरव पीछे मुड़ा। वह लम्बे कदमों से आगे बढ़ रहा था। रोहिणी उसे नहीं रोक सकी।




टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'
व्याख्याता (अंग्रेजी)
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क - 9753269282

## शब्द सामर्थ्य -077

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**
1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल



## सू- दोकू क्र.077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## कविता

### ॥ एग्जिट पोल ॥

हो गया मतदान खत्म, टीवी चैनल लिए खोल।
गहमागहमी फिर शुरू हुई देख के एग्जिट पोल।।
मैनेज करने में हैं माहिर, बीपी कैसे कंट्रोल करें।
डर है कहीं न खुल जाए, उनका मैनेजिंग पोल।।
बातों-बातों में निकल पड़ेगी, कई-कई ऐसी बात।
वोट बैंक धरम मजहब, फिर आखिर जात-पात।।
उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम, मध्य का भी विश्लेषण।
मुँह फाड़ दावे कर न थकेंगे, बीत जाए चाहे रात।।
देख-देख जनता हारी, चैनल-चैनल जूतम पैजार।
वाद-प्रतिवाद घात-आघात का गर्म
हुआ बाजार।। पंचम स्वर चिल्ल पौं में,
एंकर भी न चुप बैठ रहे।
परिणाम शीघ्र ही आएगा,
दिल पे मत लेना यार।।



रोशन साहू 'मोखला'
7999840942

## कविता

### //राऊत//

सुकवा पहाती जागे, लऊठी ला धर भागे,
बिहना ले कोठा बारी, झटकुन जाय जी।
दुहनी मा दूध दूहै, चुरूक-चुरूक चूहै,
ओला देख बछरू हा, बड़ मेछराय जी।।
मुड़ मा पागा ला बांध, गमछा ला रखे खांध,
सुरहीन गइया ला, रोज के चराय जी।
मंझन राहय बेरा, बन मा लगाये फेरा,
रूख तरी बइठ के, बड़ सुरताय जी।।
सब के आशीष मिलै, करम ऊँखर खिलै,
गाय गरू सेवा कर, पुन ला कमाय जी।
रात दिन काम करे, परिवार पेट भरे,
गाँव-गाँव इही मन, राऊत कहाय जी।।



प्रिया देवांगन 'प्रियू'

## राशिफल



**मेष** — आज आपका दांपत्य रिश्ता मधुरता से भरपूर रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी।



**वृषभ** — आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे। बिजनेस के मामले में दिन अच्छा रहेगा। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दोस्तों से आपको मदद मिलेगी। आपकी कुछ जरूरी लोगों से मुलाकात भी होगी।



**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, व्यापार को बढ़ाने के लिये नया प्लान लाभदायक साबित होगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है।



**कर्क** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, आज उन्हें कोई अच्छी खबर मिलेगी।




**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ हंसी खुशी के साथ समय बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों से अच्छी सलाह मिलेगी। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे।



**कन्या** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।



**तुला** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी कोई चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से तुरंत ही पार पा लेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।



**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे। छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है।



**धनु** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपकी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहि, साथ ही जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से भी बचे। आपका दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा।



**मकर** — आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस को लेकर आप कुछ नया प्लान बनाएंगे। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स के काम से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो उनको काफी लाभ पहुंचाएगा। दांपत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी सेहत में सुधार आएगा।



**मीन** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है।

# ओड़िशा में यात्री बसों को रोकने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई, परिवहन विभाग हुआ सख्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ की यात्री बसों को ओडिशा में रोकने वालों के खिलाफ अब पुलिस में एफआइआर दर्ज कराकर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ की शिकायत पर परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश ने ओडिशा परिवहन विभाग आयुक्त अमिताभ ठाकुर से इस संबंध में फोन पर चर्चा कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए दोनों राज्यों के बीच अंतराज्यीय समझौते के तहत चलने वाली बसों को बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। दोनों राज्यों के बस आपरेटरों के बीच बढ़ रहे विवाद को देखते हुए बस यूनियन के पदाधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करने पर सहमति भी बनी है।

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के पदाधिकारियों ने 11 जून से ओडिशा के लिए बसों का संचालन बंद करने और उनकी बसों को छत्तीसगढ़ सीमा पर रोकने की चेतावनी दी थी, इसके बाद से रायपुर उड़नदस्ता टीम और सभी जिलों के आरटीओ को बसों की जांच करने कहा गया है, ताकि दोनों ही राज्यों के बीच चलने वाली बसों का संचालन नियमित रूप से जारी रहे।

राजधानी रायपुर के बस आपरेटरों का आरोप है कि छत्तीसगढ़ से ओडिशा जाने वाली यात्री बसों को वहां के आपरेटर रोककर उसे लौटा रहे है। यहीं नहीं बसों का संचालन करने पर मारपीट और तोड़फोड़ करने की चेतावनी दी जा रही है, इसकी लिखित शिकायत परिवहन विभाग सचिव और अतिरिक्त परिवहन आयुक्त से की गई।इसके बाद विभागीय अधिकारियों के हस्तक्षेप से विवाद शांत होता दिख रहा है।



गौरतलब है कि सवारी बैठाने को लेकर दोनों राज्यों के आपरेटरों के बीच विवाद शुरू हुआ था।ओडिशा के बस आपरेटर सवारी नहीं मिलने से नाराज है और ओडिशा में छत्तीसगढ़ की बसों में सवारी बैठाने को लेकर विवाद करते हैं। ओडिशा ट्रांसपोर्ट यूनियन से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ की बसों को ओडिशा में टाइमिंग से छोड़ने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

**ओडिशा के आयुक्त को विवाद सुलझाने लिखा पत्र**

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनवर अली की शिकायत पर अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी.रविशंकर ने ओडिशा परिवहन विभाग के आयुक्त अमिताभ ठाकुर को पत्र भेजकर दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते का हवाला देते हुए विवाद का निराकरण करने कहा है। साथ ही बसों के समयचक्र, रूट, परमिट, टैक्स और सवारी बिठाने को लेकर हो रहे विवाद को सुलझाने का अनुरोध किया है।

विवाद की जानकारी मिलने के बाद ओडिशा परिवहन विभाग ने स्थानीय यूनियन के पदाधिकारियों को बुलवाया है।उनकी शिकायत सुनने के बाद दोनों राज्यों के अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों की जल्दी ही विवाद सुलझाने को लेकर बैठक होगी।दोनों राज्यों के विभिन्न शहरों के बीच करीब 250 छोटी-बड़ी यात्री बसों का संचालन होता है।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी.रविशंकर ने कहा, यात्री बसों के संचालन को लेकर छत्तीसगढ़-ओड़िशा के बस आपरेटरों के बीच चल रहा विवाद का निराकरण जल्द ही कर लिया जाएगा। इसके लिए दोनों राज्यों के बीच अधिकारिक स्तर पर चर्चा हुई है। बस आपरेटरों की बैठक कराकर विवाद को सुलझाया जायेगा।

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ अध्यक्ष अनवर अली ने कहा, ओड़िशा के बस आपरेटर मनमाने तरीके से हमारी बसों को रोक रहे है। विभागीय स्तर पर इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। चार जून के बाद ही इस पर कुछ फैसला होने की उम्मीद है।

# विद्युत ठेकेदार की लापरवाही के चलते किसानों को पंप के स्थाई कनेक्शन के लिए भटकना पड़ रहा है

**मामला - ग्राम छोटे कुसमी के किसानों का**

डोंगरगढ़ (दावा)। ब्लाक के छोटे कुसमी के पांच किसान स्थाई कनेक्शन के लिए भटक रहे है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने विधि विभाग के अधिकारियों से निवेदन किया है कि वे किसानों की समस्या का त्वरित निराकरण करें। ताकि किसान निश्चिंत होकर अपनी फसल लेने की तैयारी कर सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठेकेदार द्वारा विद्युत पंप कनेक्शन हेतु जनवरी से पोल गड़ाना शुरु किया गया था। लेकिन जून तक पुरा नही हो पाया। छोटे कुसमी के पांच किसान गजलाल साहू/कांशीराम, राधेश्याम सूर्यवंशी/ पुनाराम, विकास साहू / अशोक, मनहरण वर्मा/ बल्दू, चंद्रशेखर साहू / सरजू इन किसानों ने पुरी प्रकिर्या करने के बाद डिमांड पटाये फिर जनवरी में ठेकेदार द्वारा 26 पोल लाया गया और 10 पोल जनवरी में गड़ा चुका है। लेकिन पांच माह बित जाने के बाद भी वह ठेकेदार आज कल करके काम पुरा नहीं कर रहा है। कुछ दिनों बाद मानसुन लग जायेगा। जिसके कारण ये पांचो किसान बहुत ज्यादा परेशान है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिन्हा ने विद्युत अधिकारियों से मांग की है कि, इनके खेतो में जल्द से जल्द बिजली पोल व ट्रांसफार्मर लगाये और जो ठेकेदार समय पर काम नहीं करते उन्हें ब्लैक लिस्ट में रखा जाए।

## पहला कॉलम...

### पुलिस ने गुमशुदा लड़की को परिजनों से मिलाया



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र.-63/2024 के गुमशुदा लड़की उम्र- 20 वर्ष जो 26 मई 2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसकी डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा गुम दर्ज दिनांक से गुमशुदा का सिलसिले वार जांच कर गुमशुदा को 03जून 2024 को दुर्ग से बरामद किया गया। बाद गुमशुदा लड़की को थाना लाकर पूछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपुर्दनामें में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

### 1 करोड़ 58 लाख की ठगी, बैंक में नौकरी कर चुका है पीड़ित




भिलाई (दावा)। रिटायर्ड बीएसपी अफसर के बाद इस बार बैंक ऑफ बड़ोदा बैंक के रिटायर्ड कर्मी को झांसे में लेकर शेयर ट्रेडिंग के लिए अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड कराकर 15 बार में 1 करोड़ 58 लाख रुपए की ठगी कर ली. रिपोर्ट पर भिलाईनगर पुलिस ने मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है. भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि आमदी नगर हुडको सेक्टर निवासी सुरेश चिदंबरम (60 वर्ष) बैंक ऑफ बड़ोदा से रिटायर्ड हैं. दो महीने पहले 25 मार्च को उनके वाट्सएप एक अनजान नंबर से लिंक आया, जिसे ओपन करने पर उनका नंबर एक व्हाट्एसप ग्रूप में जुड़ गया. उस ग्रूप के माध्यम से उनकी पहचान बावा सिंह नाम के व्यक्ति से हुई. बावा सिंह ने उन्हें एप के माध्यम से आनलाइन ट्रेडिंग स्कूल ज्वाइन करने के लिए कहा, जहां जॉन पीटर हस्मन नाम के दूसरे व्यक्ति ने शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी दी. साथ ही खुद को सेबी से रजिस्टर्ड बताया. प्रार्थी को ऐप में उनका प्रॉफिट कुल 7 करोड़ 7 लाख रुपए जमा दिखाया. जब उसने उस रकम में से कुछ पैसे अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करना चाहे तो पैसा नहीं निकला. इस पर उन्होंने बावा सिंह और एप के कस्टमर सर्विस डिपार्टमेंट से संपर्क किया. उनके द्वारा 79 लाख 68 हजार रुपए जमा करने की कही गई. इसके अलावा उन्होंने पैसा डालने से इंकार कर दिया. उसने फिर बावा सिंह से सम्पर्क करने के लिए कहा. उसने ट्रेडिंग करने की प्रक्रिया बताई और उसका डीमेट अकाउंट खुलवा दिया. इसके बाद ट्रेडिंग के लिए रकम जमा करने के लिए कहा. पिछले माह 9 अप्रैल को 2 लाख रुपए जमा करा दी. इस तरह करीब महीनेभर के अंदर 15 अलग- अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1 करोड़ 58 लाख रुपए जमा करा दिए।

### चोरों की नजर बकरा-बकरियों की ओर

**एक जोड़ी बकरा-बकरी चोरी कर भागे चोर**



राजनांदगांव (दावा)। शहर एवं गांव-देहात के इलाकों में चोरो की नजर सूने घरों की ओर तो बनी हुई है। साथ ही अब उनकी निगाहे बकरा-बकरियों की ओर भी है। शहर के डोंगरगांव रोड स्थित ग्राम जंगलपुर में चोरों ने खार में चर रहे एक बकरा व बकरी की चोरी कर ली।

घटना के संबंध में जंगलपुर निवासी चंदरू यादव ने लालबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर बकरा-बकरी चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार जंगलपुर निवासी चंदरू यादव ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि उसके पास 60 बकरा एवं बकरियां है। 28 मई को वह रोज की तरह अपने बकरा-बकरी को रेवाडीह-जंगलपुर खार की ओर नाला समीप चराने के लिए ले गया था। दोपहर लगभग 3 बजे 3-4 अज्ञात लोगों ने खार में चर रहे एक बकरा व एक बकरी की चोरी कर तथा उसे अपने वाहन में भरकर भाग गए। चोरी गए बकरा की कीमत लगभग 8 हजार रूपए बताई जाती है। पुलिस रिपोर्ट के बाद मामले को जांच में ले लिया है।

# छात्र साई कुमार को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवम अन्य उपहार देकर किया गया सम्मानित



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के छात्र साई कुमार साहू का हाई स्कूल परीक्षा में डोंगरगढ़ में प्रथम व जिले में नौवा स्थान प्राप्त हुआ है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए जाना जाता है। डोंगरगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी बी. के. गरचा द्वारा साई कुमार साहू को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवम अन्य उपहार देकर सम्मान किया। उनको प्रथम आने पर बधाई दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है (साई कुमार साहू को जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव कलेक्टर द्वारा सम्मान किया जाना था लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह वहां जाकर सम्मान नहीं ले पाया। इसलिए बी ई ओ ने उनको सम्मानित किया।

इस अवसर पर शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव एवं कक्षा आचार्य विनोद कुमार ताम्रकार उपस्थित थे। साई कुमार साहू माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष 94.83त्न के साथ डोंगरगढ़ में प्रथम और जिले में नौवा स्थान प्राप्त किया है। और उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर के साथ साथ डोंगरगढ़ का मान बढ़ाया है, इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद परीक्षा प्रमुख थैलेश साहू सहित पूरा विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, शुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, रितु साहू कौशल्या वर्मा, कृष्ण निर्मलकर निलेश निषाद, अश्विन निर्मलकर छवि साहू आदि ने बधाई दी है।

# धान खरीदी घोटाला : खरीदी के बाद 90.81 लाख रुपये का 4160 क्विंटल धान कम मिला

कबीरधाम (दावा)। कबीरधाम जिले में धान खरीदी को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। खरीदी के बाद 90.81 लाख रुपए के 4160 क्विंटल धान कम मिले हैं। ऐसे में केन्द्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इसके अलावा धान उठाव और भौतिक सत्यापन में गड़बडी पाए जाने पर 69 धान खरीदी केन्द्र को नोटिस जारी किए गए है।

**केन्द्र प्रभारी के खिलाफ एफआईआर**

दरअसल, कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में अनियमितता बरतने पर उपपंजीयक सहकारी सेवा संस्था ने पंडरिया ब्लॉक के ग्राम कोदवागोड़ान के धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी चंद्रकुमार चंद्राकर के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की है। कोदवागोड़ान के धान उपार्जन केन्द्र में भौतिक सत्यापन करने पर 4 हजार 160 क्विंटल धान कम पाई गई, जिसकी लागत 90 लाख 81 हजार 829 रुपए आंकी गई। भौतिक सत्यापन के दौरान अनियमितता पाए जाने पर कोदवागो?ान धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी के खिलाफ कुकदूर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है।

आगे निलंबन, बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे ने खाद विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक और उप पंजीयक सहकारी सेवा संस्था की संयुक्त दल को जिले में संचालित सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए थे। संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर धान के उठाव, भौतिक सत्यापन व सुरक्षा का जांच किया गया। इसमें गड़बडी पाए जाने पर 69 धान खरीदी केन्द्र को नोटिस जारी किया गया है।

उप पंजीयक सहकारी सेवा संस्था सतीष पाटले ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कोदवागोड़ान धान उपार्जन केन्द्र में निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन और धान के उठाव का जांच किया। जांच में कोदवागोड़ान धान उपार्जन केन्द्र में अब तक 10 हजार 562 एमटी धान की खरीदी की गई है। इसमें 10 हजार 97 एमटी धान का उठाव किया गया है। शेष स्टॉक ऑनलाइन 465 एमटी पाई गई। भौतिक रूप से जांच के दौरान सत्यापन में खराब मिट्टी धान 78 एमटी, वजन शॉर्टेज 169 एमटी कम पाया गया। भौतिक रूप से 168 एमटी लागत अनुपलब्ध पाया गया। इस प्रकार कुल 416 एमटी लागत 90 लाख 81 हजार 829 रुपए धान की अनियमितता पाई गई। भौतिक सत्यापन के रिपोर्ट के आधार पर उपार्जन केन्द्र प्रभारी चंद्रकुमार चंद्राकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया।

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया विश्व सायकिल दिवस




डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 3 जून सोमवार को महाविद्यालय के राष्ट्रीय केडेट कोर (एन.सी.सी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सायकिल दिवस मनाया गया। इस अवसर महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशानुसार महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा सायकिल का प्रयोग किया गया।

इस अवसर पर पूर्व एनसीसी अधिकारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. आर.आर. कोचे ने उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को सायकिल दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि साइकिल को हम जिंदगी का सबसे पहला एडवेंचर कह सकते हैं। गिरते-पड़ते हम साइकिल चलाना सीखते हैं। उम्र के अनुसार साइकिल का भी अलग-अलग महत्व है। बचपन में साइकिल शौकिया तौर पर चलाते हैं, फिर धीरे-धीरे साइकिल का उपयोग स्कूल जाने के लिए करते हैं, तो कई लोग साइकिल से अपने काम पर जाते हैं। लेकिन वक्त के साथ साइकिल की उपयोगिता भी बदल गई और महत्व भी बदल गया है। एक वक्त था जब साइकिल को परिवार में साधन का हिस्सा माना जाता था, लेकिन अब यह सिर्फ एक्सरसाइज के तौर पर प्रयोग की जाती है।

डॉ. आता चौधरी ने साइति के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि साइकिल का दौर 1960 से लेकर 1990 तक काफी अच्छा चला है। इसके बाद समय परिवर्तित होता गया। आज एक्सरसाइज के साथ ही साइकिल का उपयोग एक एथलेटिक्स द्वारा भी किया जाता है। विश्व साइकिल दिवस हर साल यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली द्वारा हर साल 3 जून को यह दिवस मनाना जाता है। 3 जून के दिन साल 2018 में अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस घोषित किया गया।

प्राध्यापक जी.के. यादव ने कहा कि साइकिल दिवस को मनाए जाने का प्रस्ताव अमेरिका के मॉटगोगरी कॉलेज के प्रोफेसर लेस्लेक सिबिल्सकी ने याचिका दी थी, जिसके बाद इस दिन को मनाने का निर्णय लिया। साइकिल सबसे सस्ता वाहन है। इसके एक नहीं अनेक फायदे हैं। पेट्रोल की खपत नहीं होती, यह एक्सरसाइज करने के लिए बेस्ट है। सायकिल चलने से इम्युनिटी भी बढ़ती है एवं पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राध्यापकगण गुलशन सिन्हा, एच.आर. पदमे, कर्मचारीगण के.जी. सोनकर, संदीप गजभिये, शैलेन्द्र यादव, चित्रा खोब्रागड़े, सुशील सोनवानी सहित एन.सी.सी. कैडेट्स टोमन कुमार, कार्तिक वर्मा, सत्यव्रत, हितेश कुमार, दिवेश, यमन साहू, टिकेश्वर कंवर, वर्षा, मनभा, अर्षला, मेघा, हुलसी आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हरडुवा भाजपा कार्यकर्ताओं में एक्जिट पोल दावों में उत्साह



घुमका (दावा)। हरडुवा भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं घुमका हरडुवा बुथ अध्यक्ष अश्वनी जंघेल, तोषण सिन्हा, रोहित वर्मा ने जो सभी व्युज चैनल के माध्यम से जो एक्जिट पोल मोदी के पक्ष में भारत एवं छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन के निर्णय एवं भाजपा अपने लक्ष्य अबकी बार 400 पार को हासिल करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक सशक्त सरकार के साथ सत्ता में लौटेगी। नतीजे से भाजपा एवं एन.डी.ए. फिर से एक बार जनता जनार्दन सत्ता सौंप रही है। इस बार पूरे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें भाजपा के पक्ष में जाते हुवे दिखाई दे रही है। इस तरह केन्द्र एवं राज्य सरकार हमारे यशस्वी मुख्मयंत्री विष्णु देव साय फिर से छत्तीसगढ़ को नई ऊँचाईयों की ओर ले जायेगी। रोहित वर्मा ने हरडुवा के ग्रामवासियों का आभार व्यक्त कर फिर से मोदी सरकार का नारा लगाया।

# मतगणना आब्जर्वर ने माइक्रो आब्जर्वरों की ली बैठक




मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहला मानपुर के मतों की गणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त मतगणना आब्जर्वर श्री आशीष कुमार गुप्ता ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माइक्रो आब्जर्वरों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी माइक्रो आब्जर्वर से कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन से संबंधित नियमानुसार सुचारू रूप से गणना कार्य को संपन्न कराने में पारदर्शिता और अपेक्षित सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य में सतर्कता का ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की कोई दिक्कत होने पर उनके संज्ञान में लाकर समस्या का निराकरण करने के साथ ही मतगणना कार्य को निष्पक्ष रुप से संपन्न करेंगे। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने बैठक में कहा कि मोहला मानपुर विधानसभा के मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल के लिए एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त 9 माइक्रो आब्जर्वर रिजर्व में रखा गया है। मोहला मानपुर विधानसभा के मतों की गणना 17 राउंड में संपन्न होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले, सहायक रिटर्निंग अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य, लाइजीनिंग अधिकारी श्रीकांत दुबे सहित सभी मतगणना माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थे।

# अहिल्याबाई होलकर जयंती, कैरियर गाइडेंस और सम्मान समारोह का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। शैक्षिक प्रगतिशील मंच, पाल समाज केसीजी और भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा ग्राम मुढ़ीपार में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती, कैरियर गाइडेंस और सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. मुख्य अतिथि ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री राधेश्याम जी और अध्यक्षता शैक्षिक प्रगतिशील मंच के संयोजक विप्लव साहू ने किया। विशिष्ट अतिथियों में खिलेश्वर पाल, गौतमचंद जैन, जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के सुनील शर्मा, इंदिरा कला संगीत विश्व विश्वविद्यालय के शिवनारायण मौर्य, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य कय्यूम कुरैशी, चंद्रशेखर गुनी, दीपक नेवार, कुंभलाल धनकर, छगनलाल धनकर, भागवत साहू, जागेश्वर धनकर, जितेंद्र धनकर, नागेश पाल, घनश्याम पाल, रमाशंकर पाल सुरेश, सुरेश धनकर और संयोजन विक्की सिन्हा ने किया।

कार्यक्रम में 10वीं 12वीं के छात्रों को सम्मानित किया गया, उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार मंच पर रखते हुए अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ स्कूल प्रबंधन को दिया. और अपने भविष्य के विजन को सबके सामने रखा. मुख्य अतिथि राधेश्याम जी ने कहा शिक्षा उत्थान के साथ-साथ अपने संवैधानिक अधिकारों को जानना और प्राप्त करना भी जरूरी है. विप्लव साहू ने कहां की इस विडंबना का हल निकालना पड़ेगा की बच्चों में कृषि कार्य के प्रति सम्मान नहीं है। सुनील शर्मा ने कहा आज युवाओं के पास जाने के लिए विभिन्न सेक्टर मौजूद हैं बशर्ते की हम रिस्क लेने की क्षमता पैदा करें। कय्यूम कुरैशी ने अपने नेतृत्व में पास हुए बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हायर सेकेंडरी स्कूल को ग्रामवासियों के साथ मिलकर मजबूती प्रदान करने का संकल्प दोहराया। जागेश्वर धनकर ने ज्ञान के लिए लगातार पढ़ने और आंतरिक मजबूती को मांजते रहने को कहा.

उभरते उद्यमी जितेंद्र धनकर ने अपने कोल्ड ड्रिंक उद्योग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महेश सिन्हा, अनुज यादव, पारस साहू, बीरसिंग यादव, रामसुख सिन्हा, किशन साहू, देवनारायण साहू, धनेश वर्मा और स्कूल के विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## सोने और चांदी के रेट धड़ाम



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजे जारी होने से पहले शेयर बाजार में भले ही तेजी देखी जा रही है. लकिन सोने-चांदी के रेट धड़ाम हो गए हैं. पिछले दिनों सोने और चांदी दोनों की ही कीमत अपने रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई थी. सोने का रेट 74222 रुपये प्रति 10 ग्राम पर और चांदी 94118 रुपये के लेवल पर पहुंच गई थी. लेकिन अब जब इसमें गिरावट देखी जा रही है तो ज्वैलरी खरीदने का प्लान कर रहे लोगों ने राहत की सांस ली है. हालांकि सोने की यह कीमत भी काफी हाई है लेकिन सोमवार को आई करीब 1000 रुपये की गिरावट सुकून देने वाली है. सोने के साथ चांदी ने भी पिछले दिनों सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये. 21 मई की बात है जब 24 कैरेट वाला सोना चढ़कर 74222 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. इसी तरह चांदी 29 मई को 94118 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई. एक साल के दौरान ही सोने की कीमत में 20 प्रतिशत से की तेजी आई है. सोने का रेट बढ़ने का कारण आम आदमी के साथ कई एशियाई देशों के केंद्रीय बैंक जमकर सोना खरीद रहे हैं.

## महंगाई की मार! दूध के दाम बढ़े




नई दिल्ली। अमूल के बाद अब मदर डेयरी ने भी दूध के दाम बढ़ा दिये हैं। मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर सहित देशभर के मार्केट्स में दूध की कीमतों में 2 रूपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने सोमवार को यह घोषणा की। पिछले 15 महीनों में इनपुट कॉस्ट बढ़ने के चलते कंपनी ने दाम बढ़ाए हैं। मदर डेयरी ने सभी तरह के दूध पर कीमतों में बढ़ोतरी की है। नई कीमतें आज से यानी सोमवार, 3 जून से लागू हो गई हैं। इससे पहले रविवार को अमूल ने दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की थी। इन दोनों दिग्गज डेयरी कंपनियों ने लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद जून में दूध की कीमतों को बढ़ाया है। एक बयान में मदर डेयरी ने कहा, हमारे लिक्विड दूध की कीमतों में 3 जून 2024 से सभी ऑपरेटिंग मार्केट्स में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर रहे हैं। कंपनी का कहना है कि उसने उत्पादन लागत में हुई बढ़ोतरी की भरपाई करने के लिए ग्राहकों के लिये कीमतों को बढ़ाया है। मदर डेयरी इस समय दिल्ली एनसीआर में 35 लाख लीटर ताजा दूध प्रति दिन बेचती है। कंपनी ने कहा कि उसने पिछली बार फरवरी 2023 में लिक्विड दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की थी।

## पाकिस्तान कोर्ट ने इमरान खान को किया बरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं को बरी कर दिया है। इमरान खान और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ वर्ष 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ के मामले दर्ज किए गए थे। 71 वर्षीय पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक को अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद से संस्थापक पर आरोप लगाए गए। 200 मामलों में से कुछ में दोषी पाए जाने के बाद से ही वह पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद की जिला और सत्र अदालत ने हकीकी आजादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और अन्य पीटीआई नेताओं को बरी कर दिया।

## 93 साल के रूपर्ट मर्डोक पांचवीं बार बने दूल्हा



न्यूयॉर्क। 93 वर्षीय मीडिया दिग्गज रूपर्ट मर्डोक ने अपनी रशियन गर्लफ्रेंड एलेना झुकोवा से शादी कर ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, वह पांचवीं बार दूल्हा बने। शादी शनिवार को मर्डोक के वाइनयार्ड में हुई। कपल पिछले साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। एलेना से मर्डोक की मुलाकात उनकी तीसरी पत्नी वेंडी डेंग के माध्यम से हुई थी। 93 वर्षीय मर्डोक और 67 वर्षीय एलेना ने शनिवार को शादी की शपथ ली जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रहा है। अपने हाथों में सफेद फूलों का गुलदस्ता लिए एलेना अपने शानदार सफेद गाउन में नजर आ रही है। वहीं, मर्डोक ने स्नीकर्स के साथ गहरे रंग का सूट पहना था। इस शादी समारोह में न्यू इंग्लैंड पैट्रियट्स के मालिक रॉबर्ट के क्राफ्ट और न्यूज कॉर्प के सीईओ रॉबर्ट थॉमसन भी शामिल हुए थे। एलेना, एक सेवानिवृत्त आणविक जीवविज्ञानी हैं जो 1991 में मॉस्को से अमेरिका में आकर बस गई थीं। इससे पहले उनकी शादी अरबपति ऊर्जा निवेशक अलेक्जेंडर झुकोव से हुई थी।

# नॉर्त्जे की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंका ने घुटने टेके, 77 रन पर सिमटी, द. अफ्रीका छह विकेट से जीता



न्यूयॉर्क। टी20 विश्व कप 2024 के चौथे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर सिमट गई थी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 16.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका की ओर से सबसे ज्यादा रन कुसल मेंडिस ने बनाए। उन्होंने 19 रन बनाए, जबकि एंजलो मैथ्यूज 16 रन बना सके। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 16.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### श्रीलंका के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके

श्रीलंका की टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर सिमट गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय और टी20 विश्व कप में उनका सबसे कम स्कोर है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में इससे पहले श्रीलंका का सबसे कम स्कोर 82 रन का था, जो उन्होंने 2016 में विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ बनाया था। वहीं, टी20 विश्व कप में श्रीलंका का सबसे कम स्कोर 87 रन का है। श्रीलंकाई टीम 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिजटाउन में 16.2 ओवर में 87 रन पर सिमट गई थी।

हालांकि, तब यह स्कोर श्रीलंका ने दूसरी पारी में बनाए थे। वहीं, पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका का सबसे कम स्कोर 101 रन का है, जो उन्होंने 2007 में केपटाउन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही बनाए थे। 77 रन टी20 विश्व कप के इस संस्करण में अब तक का सबसे कम टोटल भी है। श्रीलंका के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इनमें से चार बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए।

### नॉर्त्जे का रिकॉर्डतोड़ स्पेल

नॉर्त्जे का यह स्पेल टी20 विश्व कप में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ स्पेल है। उन्होंने अपना ही दो साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। टी20 विश्व कप 2022 में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सिडनी में 10 रन देकर चार विकेट लिए थे। नॉर्त्जे ने अब तक टी20 विश्व कप में 11 मैचों में 24 विकेट लिए हैं। यह टी20 विश्व कप में पहले 11 मैचों के बाद किसी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट हैं। उन्होंने अपने 11 विश्व कप मैचों में से हर एक मैच में कम से कम एक विकेट लिया है। नॉर्त्जे ने अब तक टी20 विश्व कप में तीन बार पारी में चार या इससे ज्यादा विकेट लिए हैं। यह शाकिब अल हसन और सईद अजमल के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं।

# बजरंग पूनिया को राहत, एडीडीपी ने आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया



राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने सोमवार को बजरंग पुनिया पर लगाए गए अस्थाई निलंबन को रद्द कर दिया। अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने बजरंग को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया है। बजरंग ने इसी साल मार्च में सिलेक्शन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद NADA ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग को निलंबित कर दिया था और बाद में विश्व शासी निकाय UWW ने यही कार्रवाई की थी।

बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग एक मुकाबला हारने के बाद अपना यूरीन सैंपल दिए बिना ही उस स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले में हिस्सा ही नहीं लिया था। बजरंग ने अपने वकीलों के जरिए निलंबन को चुनौती दी थी और एडीडीपी को अपने जवाब में दोहराया था कि उन्होंने कभी भी सैंपल देने से इनकार नहीं किया था, बल्कि सिर्फ यह जानने की मांग की थी कि नाडा ने दिसंबर 2023 में उनका सैंपल लेने के लिए एक्सपायरी डेट वाली सैंपल किट क्यों भेजी थी। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अब तक उनके इस प्रश्न का उत्तर क्यों नहीं दिया है।

एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा, एथलीट का अस्थाई निलंबन तब तक के लिए रद्द किया जाता है जब तक कि नाडा एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता। सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिए बिना निलंबित किया जाना ठीक नहीं है।

# श्रीलंका में भारी बारिश और भूस्खलन ने मचाई तबाही, 10 की मौत

कोलंबो। श्रीलंका में भारी बारिश ने कहर बरपा रखा है। भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं भी हुई हैं। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बाढ़ और बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग लापता हैं। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने को लेकर फैसला मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।



देश में रविवार से हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी तबाही हुई है, जिसके चलते घरों, खेतों और सड़कों पर पानी भर गया है और अधिकारियों को ऐहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ी है। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार रविवार को राजधानी कोलंबो और सुदूर रतनपुरा जिले में छह लोगों की बहने और डूबने से मौत हो गई जबकि पहाड़ों से मिट्टी कट कर मकानों पर गिरने से तीन अन्य लोगों की जान चली गई। पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। रविवार से छह लोग लापता हैं। केंद्र ने एक बयान में कहा कि सोमवार तक 5,000 से अधिक लोगों को बचाव केंद्र ले जाया गया है और 400 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पीड़ितों को बचाने और भोजन व अन्य जरूरी सामान पहुंचाने के लिए नौसेना और थलसेना के जवानों को तैनात किया गया है। श्रीलंका में मई के मध्य में भारी मानसूनी बारिश होने के बाद से मौसम प्रतिकूल है। इससे पहले कई इलाकों में तेज हवाओं के चलते पेड़ उखड़ गए, जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई। (एपी)

# टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी ने अचानक किया सन्यास का ऐलान




नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 चल रहा है। भारतीय टीम अपने पहले मैच का इंतजार कर रही है, जो 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेला जाएगा। इस बीच भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पता चला है कि भारतीय टीम के लिए क्रिकेट खेल चुके और आईपीएल में कई टीमों का हिस्सा रहे केदार जाधव ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है।

भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने तत्काल प्रभाव से खेल के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने आखिरी बार 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में भारतीय टीम के लिए इंटरनेशनल मैच खेला था। इसके बाद से वे टीम के बाहर चल रहे हैं। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड में खेले गए वनडे विश्व कप 2019 में भी हिस्सा लिया था। जाधव ने अपने संन्यास की पुष्टि करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और अपने करियर के दौरान सभी समर्थन और प्यार के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। जाधव ने अपने ट्वीट में लिखा कि मेरे पूरे करियर में आपके प्यार और समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। मुझे दोपहर 3 बजे से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से रिटायर माना जाए।

केदार जाधव भले ही साल 2019 का विश्व कप खेले हों, लेकिन 2023 विश्व कप के लिए वे नजर नहीं आए।

# जापान में तीव्रता वाला भूकंप आया, सुनामी का खतरा मंडराया

नई दिल्ली। जापान की धरती आज भूकंप के जोरदार झटकों से हिल गई। देश के इशिकावा प्रांत में आज सुबह भारतीय समयानुसार भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर करीब 5.6 मापी गई। 2 बार भूकंप आया। 5 मिनट बाद ही 4.8 की तीव्रता के झटके लगे, लेकिन भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोगों में दहशत फैल गई। वे अपने घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने इमारतों को हिलते देखा, जिसके वीडियो सामने आए।

पूरे प्रांत में बिजली गुल हो गई। बुलेट ट्रेनों के पहिए थम गए। हालांकि भूकंप आने से समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठने लगीं, लेकिन सुनामी आने का अलर्ट नहीं है। सरकार ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। समुद्री किनारों से दूर जाने की अपील की है। जापान के पूर्वी रेलवे जोन ने होकुरिकु शिंकानसेन और जोएत्सु शिंकानसेन बुलेट ट्रेन सेवाओं को अगले आदेश तक सस्पेंड कर दिया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, जमीन के अंदर 10 किलोमीटर नीचे भूकंप का केंद्र मिला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आज सुबह इशिकावा प्रान्त के वाजिमा, सुजु, नोटो, नानाओ, अनामिजु शहर, निगाटा शहर में भूकंप के सबसे तेज झटके महसूस किए गए। मौसम विभाग के अनुसार, हालांकि बुलेट ट्रेनें अब दौड़ रही हैं, लेकिन भूकंप के झटके लगते ही इमरजेंसी लागू करके ट्रेनें जहां थीं, वहीं रोक दी गई थीं।

# टी20 विश्व कप : डेविड विसी ने नामीबिया को सुपर ओवर में दिलाई जीत

बारबाडोस। नामीबिया के अनुभवी ऑलराउंडर डेविड विसी ने ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप-बी मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया और टीम को सुपर ओवर में जीत दिलाई। ओमान ने 109 रन बनाए थे, लेकिन नामीबिया की टीम 20 ओवर बाद छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी और मैच टाई रहा।

इसके बाद मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये किया गया जहां डेविड विसी ने कप्तान गेरहार्ड एरासमस के साथ मिलकर तूफानी बल्लेबाजी की और जीत दर्ज की। 39 साल के विसी ने सुपर ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे




नामीबिया ने ओमान के सामने जीत के लिए 22 रनों का लक्ष्य रखा। इसके बाद विसी गेंदबाजी भी करने आए और उन पर लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने की जिम्मेदारी थी जिसे उन्होंने बखूबी निभाया और नामीबिया की जीत से शुरुआत कराई।

इससे पहले, नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबला 20 ओवर के बाद टाई रहा था जिसके बाद नतीजे का निर्णय सुपर ओवर के जरिए हुआ। हालांकि ओमान की टीम सुपर ओवर में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। नामीबिया के लिए डेविड विसी ने सुपर ओवर में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। विसी ने पहले कप्तान एरासमस के साथ मिलकर छह गेंदों पर 21 रन बनाए। नामीबिया के लिए सुपर ओवर में विसी ने 13 रन बनाए, जबकि एरासमस ने आठ रनों का योगदान दिया। इसके बाद इस लक्ष्य का बचाव करने के लिए भी कप्तान ने विसी पर भरोसा जताया। विसी ने सिर्फ 10 रन ही दिए और एक विकेट भी झटका। इस तरह नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में 11 रन से जीत दर्ज की।

# प्रथम पेज का शेष

**सुबह 8 बजे से शुरू होगी ...**

की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। सातों चरणों के मतदान की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) स्ट्रॉग रूम से सुबह तक कड़े पहरे में मतगणना टेबल तक पहुंचा दी जाएंगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्थापित व्यवस्था के अनुसार सबसे पहले सभी मतदान केन्द्रों पर डाक मतपत्रों की गिनती शुरू करायी जाएगी उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की और अंत में पांच-पांच वीवीपैट की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मतगणना का काम आखिरी वोट की गिनती तक निरंतर रूप से जारी रहेगाा।

**150 डीएम को धमकाने के मामले...**

निवर्तमान गृह मंत्री डीएम/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने उनमें से 150 से बात की है। यह स्पष्ट और बेशर्मी से डराने-धमकाने की कोशिश है, जो दिखाता है कि भाजपा कितनी हताश है।

***दो हजार के 97.82 प्रतिशत...***

2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के 19 कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। उल्लेखनीय है कि नवंबर, 2016 में उस समय चलन में मौजूदा 1000 रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को हटाये जाने के बाद 2000 रुपये के बैंक नोट लाये गये थे।

***के. कविता ने आप नेताओं ...***

जिसने दिल्ली सरकार की नई शराब नीति के तहत लाभ के एवज में दिल्ली में सत्तारूढ़ आप को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। ईडी ने दावा किया कि इस बात के साक्ष्य हैं कि कविता ने दूसरे लोगों के साथ मिलकर साजिश रची और आप को रिश्वत देकर शराब कंपनी इंडोस्पिरिट्स में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। दिल्ली सरकार ने नवंबर, 2021 में नई शराब नीति लागू की थी। इसमें शराब के ठेके निजी शराब कंपनियों को दिए गए थे।उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस नीति में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए इसकी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की।इसी मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी जेल में बंद है। बाद में ईडी भी मामले की जांच में शामिल हो गई थी।

***मुख्यमंत्री ने वर्षाजनित बीमारियों ....***

और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों को हैण्डल करने के लिए चिकित्सक एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध रहें। मुख्यमंत्री ने वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए हैं। बारिस के मौसम में घरों के आसपास जल जमाव न हो, ताकि मच्छर न पैदा हों। सर्दी-बुखार, खांसी, उल्टी-दस्त समस्या होने पर लोग स्वास्थ्य केन्द्र जाएं और चिकित्सक की सलाह से ही दवाओं का सेवन करें।

***मोदी से मिले नीतीश कुमार...***

अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा यह है कि नीतीश कुमार ने पीएम मोदी से लोकसभा चुनाव के आए एग्जिट पोल पर बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव दौरे में नीतीश कुमार उनके साथ नजर आए थे। दोनों ने कई बार मंच साझा किया था, जिसमें नीतीश कुमार ने राजद के साथ जाने पर माफी भी मांगी थी। वह पटना में पीएम मोदी के रोड शो में भी नजर आए थे। मोदी कैबिनेट में मिलेगी जेडीयू को जगह?- यह संभावना जताई जा रही है कि पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में जदयू हिस्सा रहेगी। पीएम मोदी के शपथ के दौरान ही जदयू के कोटे से सांसदों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। नीतीश कुमार भी उनके शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा रहेंगे।

# कारुआना को हराने के बाद अलीरेजा से हारे प्रज्ञानंद



नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद का शानदार प्रदर्शन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में हार के साथ रुक गया। रविवार को दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को पांचवें दौर में हराने वाले प्रज्ञानंद को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। दूसरी ओर, मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली।

लिरेन को हराने के साथ ही कार्लसन ने छह दौर के बाद एकल बढ़त बना ली है। कारुआना ने हमवतन हिकारु नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। अब जब चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं, जबकि प्रज्ञानंद 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अलीरेजा आठ अंकों के साथ चौथे और कारुआना 6.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जबकि चीन के डिंग लीरेन अब तक केवल 2.5 अंक ही बना पाए हैं। महिलाओं के वर्ग में भी भारत के हाथ निराशा लगी। प्रज्ञानंद की बहन और महिला ग्रैंडमास्टर वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में वेनजुन जू और अन्ना मुजिचुक ने वैशाली की जगह बढ़त हासिल कर ली है। वेनजुन जू और मुजिचुक दोनों के समान 10.5 अंक हैं, जबकि वैशाली उनसे आधा अंक पीछे है। मुजिचुक ने चीन की टिंगजी लेई को आर्मगेडन टाईब्रेकर में हराया।

# टी20 विश्व कप भारत के मुख्य कोच के तौर पर द्रविड़ का आखिरी टूर्नामेंट, खुद किया एलान




नई दिल्ली। दिग्गज राहुल द्रविड़ ने सोमवार को पुष्टि कर दी कि टी20 विश्व कप भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। द्रविड़ के इस निर्णय की चर्चा पहले से चल रही थी। उन्होंने इस पद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड को फिर से आवेदन नहीं किया था।

बीसीसीआई ने पिछले माह इसके लिए आवेदन मांगे थे। द्रविड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने मुख्य कोच के अपने कार्यकाल में हर क्षण का लुत्फ लिया है। उन्होंने कहा, हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण होता है। कोच के तौर पर मेरे लिए भारत का हर मैच महत्वपूर्ण रहा। विश्व कप भी अलग नहीं है। यह हेड कोच के रूप में मेरा अंतिम टूर्नामेंट है।

### द्रविड़ ने कही यह बात

द्रविड़ ने नवंबर 2021 में दायित्व संभाला था। उन्होंने कहा- मुझे इस काम से प्यार है। यह बेहद खास दायित्व है। मैंने इस टीम के साथ काम कर काफी आनंद उठाया है, लेकिन अब जैसी व्यस्ताएं हैं और जिंदगी के इस मोड़ पर मैं नहीं समझता कि मुझे फिर से आवेदन करना चाहिए। आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप में भारत के पहले मैच से पूर्व मीडिया से बातचीत में द्रविड़ ने कहा- मुझे अपना काम बहुत पसंद है। हालांकि, यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट है, लेकिन मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। पहले दिन से मेरे लिए हर मैच महत्वपूर्ण रहा है।

# निर्जला एकादशी? शुभ मुहूर्त, पूजा विधि एवं योग



हर वर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी मनाई जाती है। इसे भीमसेनी एकादशी या भीम एकादशी भी कहा जाता है। यह पर्व जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत उपवास रखा जाता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि निर्जला एकादशी के दिन जल ग्रहण करने की भी मनाही है। हालांकि, शारीरिक रूप से असक्षम साधक फल और जल ग्रहण कर सकते हैं। इस व्रत के पुण्य-प्रताप से साधक को सभी एकादशियों से प्राप्त होने वाले फल के समतुल्य व्रत फल प्राप्त होता है। साथ ही साधक पर भगवान विष्णु की विशेष कृपा बरसती है। महाभारतकाल में गदाधारी भीम ने निर्जला एकादशी व्रत किया था। आइए, निर्जला एकादशी के बारे में सबकुछ जानते हैं-

ज्योतिषियों की मानें तो ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 17 जून को प्रात: काल 04 बजकर 43 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 18 जून को सुबह 06 बजकर 44 मिनट पर समाप्त होगी।

कब मनाई जाएगी निर्जला एकादशी ?

सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इस प्रकार 18 जून को निर्जला एकादशी मनाई जाएगी। वैष्णव समाज के लोग भी 18 जून को ही निर्जला एकादशी मनाएंगे। यह पर्व गंगा दशहरा के एक या दो दिन के अंतर पर मनाया जाता है। इस दिन दुर्लभ शिव योग का निर्माण हो रहा है। शिव योग देर रात 09 बजकर 39 मिनट तक है। इसके बाद सिद्ध योग का संयोग बन रहा है।

पारण समय

साधक 19 जून को सुबह 05 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 28 मिनट के मध्य स्नान-ध्यान, पूजा पाठ कर पारण कर सकते हैं। पारण यानी व्रत तोड़ने से पहले अन्न और धन का दान अवश्य करें। आप अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार दान-पुण्य कर सकते हैं।

पूजा विधि

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को ब्रह्म बेला में उठें। इस समय सबसे पहले जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को प्रणाम करें। इसके बाद दिन की शुरुआत करें। घर की अच्छे तरीके से साफ-सफाई करें और गंगाजल छिड़ककर घर को शुद्ध करें। दैनिक कार्यों से निवृत्त होने के बाद गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। इस समय आचमन कर पीले रंग का वस्त्र धारण करें। अब सबसे पहले भगवान भास्कर को जल का अर्घ्य दें। इसके बाद पूजा गृह में पंचोपचार कर विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करें। भगवान विष्णु को पीले रंग का फूल, फल, वस्त्र आदि चीजें अर्पित करें। पूजा के समय विष्णु चालीसा का पाठ और मंत्रों का जप करें। अंत में आरती अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं आरोग्य जीवन की कामना करें। दिन भर निर्जला उपवास रखें। संध्याकाल में आरती-अर्चना कर फलाहार करें।

# शनि जयंती पर करें इन मंदिरों के दर्शन, खुल जाएगा सोया हुआ भाग्य



इस साल शनि जयंती 6 जून को मनाई जाएगी। ऐसा माना जाता है कि इस तिथि पर भगवान शनि की आराधना करने से जीवन के सभी दुख दूर होते हैं। साथ ही इस दिन को शनि अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है जब यह शुभ दिन इतना करीब है तो आइए भगवान शनि के प्रसिद्ध धाम के बारे में जानते हैं -

भगवान शनि की पूजा शास्त्रों में बेहद शुभ मानी गई है। शनि जयंती का दिन उनकी पूजा के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक है। शनि जयंती को शनि अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। इस बार शनि जयंती 6 जून, 2024 दिन गुरुवार को पड़ रही है। यह तिथि हर साल धूमधाम के साथ मनाई जाती है, तो चलिए इस शुभ अवसर के लिए भगवान शनि के 3 प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में जानते हैं, जिनका दर्शन करना बेहद ही शुभ माना जाता है।

शनि धाम मंदिर

शनि धाम दिल्ली के छतरपुर रोड पर असोला नामक जगह पर है। इस धाम को लेकर ऐसा कहा जाता है कि यहां पर दुनिया की सबसे ऊंची शनिदेव की प्रतिमा है। इस धाम के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। साथ ही यहां दर्शन करने से जीवन का भारी से भारी संकट दूर हो जाता है। ऐसे में इस शनि मंदिर का दर्शन अवश्य करें।

शनिश्वरा भगवान स्थलम

शनिश्वरा भगवान स्थलम पुडुचेरी में तिरूनल्लर नामक स्थान पर स्थित है। इस मंदिर को लेकर लोगों का कहना है कि यहां पर भोलेनाथ के समक्ष सूर्य पुत्र शनि ने अपनी सभी शक्तियां खो दी थीं। हालांकि बाद में उन्हें शिव के आशीर्वाद से सभी शक्तियां प्राप्त हो गई थीं। ऐसा मान्यता है कि इस धाम के दर्शन और इस मंदिर के पास स्थित तालाब में डुबकी लगाने से शनि पीड़ा से मुक्ति मिलती है।

शनि शिंगणापुर

शनि शिंगणापुर धाम महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित है। शनि भक्त दूर-दूर से दर्शन के लिए आते हैं। वहीं, जो लोग कुंडली में स्थित शनि दोष से परेशान हैं, उन्हें इस मंदिर में दर्शन के लिए आना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शनि शिंगणापुर क्षेत्र की रक्षा सदैव करते हैं। यही वजह है कि यहां के लोग अपने- अपने घरों में आज भी ताला नहीं लगाते हैं।

# कैसे हुआ धरती पर मां गंगा का अवतरण?



पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन समय में अयोध्या में महाराजा सगर रहते थे। उनके 60 हजार पुत्र थे। एक बार राजा ने अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया। ऐसे में इंद्र ने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा चुरा लिया और उसे कपिल मुनि के आश्रम में बांध दिया। इस करण राजा के अश्वमेध यज्ञ में बाधा आ गई।

साल ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा का त्योहार मनाया जाता है। इस बार यह पर्व 16 जून को मनाया जाएगा। शास्त्रों की मानें तो ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर धरती पर मां गंगा का अवतरण हुआ था। इसलिए इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस शुभ अवसर पर गंगा नदी में स्नान और पूजा करने से जातक को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में खुशियों का आगमन होता है। आइए जानते हैं कि आकाश से धरती पर मां गंगा का अवतरण कैसे हुआ था ?

ऐसे हुआ मां गंगा का अवतार

पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में अयोध्या में महाराजा सगर रहते थे। उनके 60 हजार पुत्र थे। एक बार राजा ने अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया। ऐसे में इंद्र ने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा चुरा लिया और उसे कपिल मुनि के आश्रम में बांध दिया। इस करण राजा के अश्वमेध यज्ञ में बाधा आ गई। राजा के साथ सभी पुत्रों ने घोड़े को खोजने की शुरुआत की, जिससे यज्ञ पूरा हो सके। अंत में वह मुनि के आश्रम में पहुंच गए। इस दौरान वहां पर महर्षि कपिल ध्यान अभ्यास कर रहे थे। वहीं, घोड़े को बंधा देख उन्हें विश्वास हो गया कि घोड़े की चोरी कपिल ऋषि ने ही की है। राजा सगर के पुत्रों ने कपिल ऋषि को ललकारा और अपमानित भी किया। उस समय कपिल ऋषि क्रोधित हो उठे और राजा सगर के पुत्रों को भस्म कर दिया। ऐसे में यज्ञ खंडित हो गया। इसके पश्चात महाराज सगर ने पुत्रों की आत्मा की शांति के लिए उपाय जाना। उन्होंने इस कार्य के लिए मां गंगा को धरती पर लाने का प्रयास किया। उस दौरान ऋषि ने धरती पर मौजूद सारा जल को ग्रहण कर लिया और धरती पूरी तरह से सुख गई। इसके बाद मां गंगा को धरती पर अवतरित करने के लिए महाराज सगर, अंशुमान और महाराजा दिलीप तपस्या ने की, लेकिन उन्हें सफलता प्राप्त नहीं हुई।

महाराजा दिलीप का पुत्र भगीरथ था। उसने तपस्या कर ब्रह्मा जी को प्रसन्न किया। भगीरथ को इस कार्य में सफलता मिली। मां गंगा धरती पर अवतरित हुईं। हालांकि, मां गंगा के वेग को रोकने के लिए भगवान शिव ने अपनी जटाओं में उन्हें समेट लिया। मां गंगा को शिव की जटाओं में स्थान दिया तब एक शिखा से मां गंगा का धरती पर अवतार हुआ।

भगीरथ ने रसातल में जाकर अपने पितरों को उद्धार किया। जब गंगा नदी में राजा सगर के पुत्रों की अस्थि मिली, तो उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।

# दूसरे बड़े मंगल पर करें बजरंग बाण का पाठ, जीवन की तमाम बड़ी मुश्किलों से मिलेगा छुटकारा




ज्येष्ठ मास के सभी मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। इसकी शुरुआत 28 मई को हो चुकी है। ऐसी मान्यता है कि यह दिन बजरंगबली को अति प्रिय है। ऐसे में इस खास दिन पर वीर हनुमान की आराधना जरूर करें। इसके साथ ही बजरंग बाण का पाठ करें जो लोग ऐसा करते हैं उनके जीवन की सभी मुश्किलें दूर होती हैं।

ज्येष्ठ महीने में आने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल के नाम से जाना जाता है। यह दिन भगवान हनुमान की पूजा के लिए समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि जो जातक इस दौरान भगवान हनुमान के वृद्ध स्वरूप की पूजा करते हैं उन्हें शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही जीवन कल्याण की ओर अग्रसर होता है।

ऐसे में अगर आप तमाम बड़ी मुश्किलों से घिर हुए हैं और पवन पुत्र की कृपा पाना चाहते हैं, तो आपको बड़े मंगल पर बजरंग बाण का पाठ जरूर करना चाहिए, जो बेहद चमत्कारी है।

**।। बजरंग बाण ।।**

` दोहा '

`निश्चय प्रेम प्रतीति ते, बिनय करैं सनमान।'
`तेहि के कारज सकल शुभ, सिद्ध करैं हनुमान॥'

`चौपाई'

जय हनुमन्त सन्त हितकारी। सुन लीजै प्रभु अरज हमारी।।
जन के काज विलम्ब न कीजै। आतुर दौरि महासुख दीजै।।
जैसे कूदि सिन्धु महि पारा। सुरसा बदन पैठि विस्तारा।।
आगे जाई लंकिनी रोका। मारेहु लात गई सुर लोका।।
जाय विभीषण को सुख दीन्हा। सीता निरखि परमपद लीन्हा।।
बाग़ उजारि सिन्धु महँ बोरा। अति आतुर जमकातर तोरा।।
अक्षयकुमार को मारि संहारा। लूम लपेट लंक को जारा।।
लाह समान लंक जरि गई। जय जय धुनि सुरपुर में भई।।
अब विलम्ब केहि कारण स्वामी। कृपा करहु उर अन्तर्यामी।।
जय जय लक्ष्मण प्राण के दाता। आतुर होय दुख हरहु निपाता।।
जै गिरिधर जै जै सुखसागर। सुर समूह समरथ भटनागर।।
हनु हनु हनुमंत हठीले। बैरिहिं मारु बज्र की कीले।।
गदा बज्र लै बैरिहिं मारो। महाराज प्रभु दास उबारो।।
ऊँकार हुंकार प्रभु धावो। बज्र गदा हनु विलम्ब न लावो।।
ऊँ ह्रीं ह्रीं ह्रीं हनुमंत कपीसा। ऊँ हुं हुं हुं हनु अरि उर शीशा।।
सत्य होहु हरि शपथ पाय के। रामदूत धरु मारु जाय के।।
जय जय जय हनुमन्त अगाधा। दुःख पावत जन केहि अपराधा।।
पूजा जप तप नेम अचारा। नहिं जानत हौं दास तुम्हारा।।
वन उपवन, मग गिरिगृह माहीं। तुम्हरे बल हम डरपत नाहीं।।
पांय परों कर ज़ोरि मनावौं। यहि अवसर अब केहि गोहरावौं।।
जय अंजनिकुमार बलवन्ता। शंकरसुवन वीर हनुमन्ता।।
बदन कराल काल कुल घालक। राम सहाय सदा प्रतिपालक।।
भूत प्रेत पिशाच निशाचर। अग्नि बेताल काल मारी मर।।
इन्हें मारु तोहिं शपथ राम की। राखु नाथ मरजाद नाम की।।
जनकसुता हरिदास कहावौ। ताकी शपथ विलम्ब न लावो।।
जय जय जय धुनि होत अकाशा। सुमिरत होत दुसह दुःख नाशा।।
चरण शरण कर ज़ोरि मनावौ। यहि अवसर अब केहि गोहरावौं।।
उठु उठु चलु तोहि राम दुहाई। पांय परों कर ज़ोरि मनाई।।

# वट सावित्री व्रत, इन चीजों के बगैर अधूरा है पूजन

ह्यवट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। अगर आप भी इस बार व्रत रख रहे हैं, तो जान लें पूरी पूजा सामग्री

हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इस साल वट सावित्री व्रत 6 जून 2024 को रखा जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य और संतान प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं। इसके साथ ही विधिवत तरीके से वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा करते हैं। इस दौरान महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और पूजा-पाठ करने के बाद ही अपने व्रत को खोलती हैं। वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके करवा चौथ की तरह की पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। अगर आप भी वट सावित्री का व्रत रख रही हैं, तो पूजा सामग्री पहले से ही एकत्रित करके रख लें, जिससे बाद में पूजा करते समय किसी भी प्रकार का विघ्न का सामना न करना पड़े। आइये जानते हैं वट सावित्री व्रत की संपूर्ण सामग्री...

वट सावित्री व्रत की तिथि और शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या तिथि 5 जून की शाम 7 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगी और 6 जून की शाम 6 बजकर 7 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदय तिथि के हिसाब से वट सावित्री व्रत 6 जून को रखा जाएगा। पूजन मुहूर्त - गुली काल सुबह 8 बजकर 24 मिनट से 10 बजकर 06 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त- सुबह 11 बजकर 21 मिनट से दोपहर 12 बजकर 16 मिनट तक

चर लाभ अमृत मुहूर्त - सुबह 10 बजकर 06 मिनट से दोपहर 3 बजकर 13 मिनट तक वट सावित्री व्रत पूजन सामग्री

सावित्री और माता पार्वती की मूर्ति बनाने के लिए गाय का गोबर चावल और हल्दी के पेस्ट में थोड़ा सा पानी मिलाकर मिश्रण बना लें( थापा के लिए)

कच्चा सूत या फिर सफेद धागा
बांस का पंखा
लाल कलावा
बरगद की एक कोपल
खरबूज, आम, केला फल
फूल
फूल का माला
बताशा
सिंदूर
रोली
इत्र
सुपारी
पान
लाल कपड़ा
अक्षत
सुहाग का सामान
नकद रुपए
भिगोया हुआ चना
14 गेहूं के आटे से बनी हुई पूड़ियां
14 आटा और गुड़ से बने गुलगुले
स्टील या कांसे की थाली
मिठाई
धूप
मिट्टी या पीतल का दीपक
घी
एक लोटा और गिलास



# रवि पुष्य योग जून में कब ?

इस साल जून 2024 में रवि पुष्य नक्षत्र का संयोग बन रहा है, जिसमें खरीदारी, लेन-देन, निवेश के साथ ही नौकरी और बिजनेस में नई शुरुआत करना फायदेमंद माना जाता है. पुष्य नक्षत्र में किए गए कार्य हमेशा सुख, समृद्धि और सफलता प्रदान करते हैं. जानें जून में किस दिन रवि पुष्य योग बन रहा है, खरीदारी का मुहूर्त और इस दिन क्या-क्या करें.




**रवि पुष्य नक्षत्र**

इस साल रवि पुष्य योग 9 जून 2024, रविवार को पड़ रहा है. रविवार को पुष्य नक्षत्र होने से रविपुष्य योग बन रहा है. इस योग में खरीदारी से उन्नति होती है. यह धन को बढ़ाने वाला होता है.

**रवि पुष्य योग में खरीदारी का मुहूर्त**

जून में पुष्य नक्षत्र की शुरुआत 9 जून को रात 08 बजकर 20 मिनट पर होगी और इसका समापन 10 जून को रात 09 बजकर 40 मिनट पर होगा.

रवि पुष्य नक्षत्र में खरीदारी के लिए 9 जून को रात 08.20 के बाद का समय सबसे अच्छा है.

**पुष्य नक्षत्र के साथ कई दुर्लभ संयोग**

रवि पुष्य योग अपने आप में पोषण करने वाला योग सर्वसिद्धकर योग माना गया है. ऐसे में इस दिन वृद्धि, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग का संयोग सोने पर सुहागा माना जा रहा है. रवि पुष्य योग पर बृहस्पति, सूर्य देव का प्रभाव रहता है, यही वजह है कि इस दौरान खरीदारी और मांगलिक कार्य सफल होते है. समृद्धि बढ़ती है.

**रवि पुष्य नक्षत्र में क्या-क्या कर सकते हैं ?**

रवि पुष्य नक्षत्र में सोना-चांदी, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, जमीन, मकान, कपड़े, वाहन, फर्नीचर की खरीददारी करने से सुख-समृद्धि बढ़ती है.

जमीन में निवेश, नए कार्य की शुरुआत, नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो रवि पुष्य योग का दिन फायदेमंद साबित होता है. मां लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है.

रवि पुष्य नक्षत्र में मांगलिक कार्य करने से उसमें सफलता मिलती है. जीवन सुखमय बनता है. धार्मिक अनुष्ठानों के लिए भी इस योग का चयन श्रेष्ठ माना जाता है.

विद्या ग्रहण करना, या किसी नए शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेना, गुरू से मंत्र शिक्षा पाना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए रवि पुष्य योग को सबसे अच्छा माना गया है.

# महाराष्ट्र के अपहर्ता अवाना होटल से गिरफ्तार

## पांच आरोपी में चार पकड़े गये, एक फरार

**राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर पुलिस सहित जलगांव महाराष्ट्र से आई पुलिस ने बूढ़ासागर तालाब समीप स्थित अवाना होटल में छापा मारकर महाराष्ट्र से आकर यह ठहरे 5 अपहर्ताओं को अपने शिंकजे में लिया। वही महाराष्ट्र के जलगांव से अपहृत कर लाए गए तीन लोगों को पुलिस ने अपने संरक्षण में लिया है।**



बताया जाता है कि महाराष्ट्र के जलगांव क्षेत्र से 5 लोग वहां के तीन व्यक्तियों को अपहृत कर उसे कही ले जा रहे थे। राजनांदगांव में रात होने के कारण शहर के बूढ़ातालाब के समीप स्थित अवाना होटल में वे सभी ठहरे हुए थे। महाराष्ट्र के जलगांव जिले से पुलिस को मोबाइल लोकेशन सर्च में अपहरणकर्ताओं का शहर के अवाना होटल में ठहरे होने की जानकारी सामने आते ही बसंतपुर पुलिस को अपने साथ लेते हुए सोमवार की सुबह अवाना होटल में रेड मारी। इससे प्रतापगढ़ निवासी दो अपहरणकर्ता व रायपुर निवासी दो अपहरणकर्ता पुलिस के हत्थे चढ़े। वही इस रेड की भनक लगते ही एक अपहरणकर्ता फरार हो गया।

पुलिस उसकी रायपुर तक पतासाजी करने के लिए दौड़ी पर वह अपहरणकर्ता पुलिस के हाथ नहीं लग पाया। पुलिस फिलहाल प्रतापगढ़ व रायपुर के दो-दो अपहरणकर्ताओं को अपने हिरासत में ले लिया है। वही महाराष्ट्र से अपहरण कर लाए जा रहे तीन व्यक्तियों को पुलिस ने अपने संरक्षण में लेकर अपहरणकर्ताओं के खिलाफ जांच कार्रवाई में जुट गई है।

# एक और सड़क हादसे में पुलिस आरक्षक की मौत

डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव-चौकी-मोहला-मानपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम खुर्सीटिकुल के पास रविवार रात्रि लगभग 8 बजे मोहला लाइन में पदस्थ आरक्षक महेंद्र चेरामे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। घटना किस प्रकार हुई ये अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मिली जानकारी अनुसार डोंगरगांव से कुछ दुरी पर चौकी-मोहला-मानपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम खुर्सीटिकुल के पास मोहला लाइन में पदस्थ आरक्षक महेंद्र चेरामे पिता दयाराम उम्र 36 वर्ष मोहला लाइन से अपनी ड्यूटी ख़त्म कर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी/08- जेड 8935 से राजनांदगाव स्थित अपने घर जा रहे थे, तभी अचानक ग्राम खुर्सीटिकुल के पास सड़क हादसे का शिकार हो गये। हादसे में घायल सड़क किनारे पड़े युवक पर ग्रामीणों की नज़र पड़ी जिसके सिर से बहुत ज्यादा ही खून बह गया था तथा घायल युवक बेहोश था, जिसके बाद ग्रामीणों ने ही पुलिस और 108 एम्बुलेंस को काल किया, तब घायल को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र डोंगरगांव लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज़ में पता चला की हादसे में युवक के सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आयी है। प्राथमिक इलाज़ के बाद उसे राजनांदगाव रिफर कर दिया गया। मगर राजनांदगाव ले जाते हुए रास्ते में ही युवक की मृत्यु हो गयी। हादसा कैसे हुए ये अभी तक पता नहीं चल सका है। हादसे मे मृत आरक्षक की 1 पुत्री 7 वर्ष एवं 1 पुत्र 9 वर्ष का है।

### हेलमेट नहीं पहना था मृतक

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक ने हेलमेट नहीं पहना था, जिस कारण सिर में गंभीर चोंट आयी। शव को पीएम के लिए भेजने के साथ मृतक के स्वजन को दुर्घटना के विषय में जानकारी दे दी गई है।

# रिटर्निंग ऑफिसर ने कांग्रेस प्रत्याशी के आरोपों का किया खंडन

**कहा- निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है, आरोप निराधार है तथा तथ्यों से परे**

राजनांदगांव (दावा)। इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव में मतदान के बाद फार्म 17 सी में दी गई जानकारी के अनुसार बहुत सी मशीनों के नंबर बदले जाने की शिकायत करते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा है कि किन परिस्थितियों में मशीनें बदली गई है और चुनाव परिणाम पर होने वाले असर के लिए कौन जिम्मेदार होगा।

लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के बाद ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त सॉफ्टवेयर से करते हुए मशीनों को विधानसभावार आंबटित करते हुए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी सूची प्रदान किया गया। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के समक्ष द्वितीय रेण्डमाईजेशन कर उन्हें हस्तांक्षरित सूची प्रदाय किया गया है। मशीनों की कमीशनिंग के दौरान खराब मशीनों के स्थान पर रिजर्व से मशीनों कमीशनिंग कर खराब एवं उसके स्थान पर लगाई गई मशीन की सूची प्रदाय कर पावती लिया गया है। मॉक पोल के दौरान एवं वास्तविक मतदान के दौरान खराब होने वाली मशीनों को रिजर्व की मशीनों से अंतरित कर इसकी सूची भी सभी प्रत्याशियों को दिया गया है। मतदान केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थित में मशीन के नंबर एड्रेस टैग, मतपत्र लेखा 17 सी भाग 1, पीठासीन की डायरी, मॉक पोल सर्टिफिकेट इत्यादि कई दस्तावेजों में अंकित किये जाते हैं, जिनसे मतगणना के दौरान मिलान किया जा सकता है।

पीठासीन अधिकारी से लिपकीय त्रुटि हो सकती है। मतदान के दौरान उन्हीं मशीनों का उपयोग किया गया जिसकी सूची समय-समय पर अभ्यर्थियों को प्रदाय किया गया है। उक्त संपूर्ण प्रकिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा प्रत्येक स्तर पर अभ्यर्थी के अभिकर्ता एवं प्रतिनिधि उपस्थित होकर अवलोकन करते है। मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान अभिकर्ता स्वयं मशीन के नम्बर देखकर विभिन्न दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते है। मतगणना के दौरान मशीन एवं दस्तावेज परस्पर मिलान कर लिपकीय त्रुटि का सुधार किया जा सकेगा। शिकायतकर्ता की शिकायत निराधार है तथा तथ्यों से परे है।

# भाजपा की भावी जीत को लेकर जश्न की तैयारी



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव में भावी जीत को लेकर जश्न की तैयारी प्रारंभ हो गई है। देशभर में मिल रहे रुझानों के बाद यहां भी पार्टी कार्यकर्ताओं में व्यापक जोश व उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया है।

उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक भाजपा के विजय परचम लहराने की संभावनाओं को देखते हुये पार्टी कार्यालय में आज व्यापक बंदोबस्त किये जा रहे है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा ने सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिये दिशा-निर्देश जारी किये है जिसके तहत सभी संसदीय क्षेत्र में पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से पर्यवेक्षक आ रहे है जो पल-पल की खबरों से अवगत होकर पार्टी हाईकमान को जानकारी देते रहेंगे।

इस क्रम में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा पूरे समय भाजपा कार्यालय में मौजूद रहकर परिस्थितियों पर निगरानी करेंगे। इसे लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने आज कार्यालय की व्यवस्था का निरीक्षण किया। भाजपा नेता रघुवीर वाधवा, अश्वनी यादव ने कार्यालय को अच्छे ढंग से भाजपा से झंडों से सजाया व कल के जश्न की तैयारी में जुटे रहें।

# मरीजों से अतिरिक्त पैसे लेने वाले 30 अस्पतालों पर हुई कार्यवाही

**रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के 30 अस्पतालों में कार्रवाई हुई है। मरीजों से अतिरिक्त पैसे लेने वाले 30 अस्पतालों को नोटिस दिया है। साथ ही योजना से निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत योजना के तहत पैकेज के बाद भी मरीजों से अतिरिक्त पैसे लेने वाले 30 अस्पतालों को नोटिस दिया है।**

साथ ही, भविष्य में मरीजों से पैसे लेने पर अस्पतालों को योजना से निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। दुर्ग के आरोग्यम अस्पताल पर 11.41 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इस अस्पताल ने मरीजों से 2.28 लाख रुपए लिया था। इस राशि का पांच गुना जुर्माना लगाया गया है। जिन अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है, उनमें रायपुर जिले के 11 बिलासपुर के 9, महासमुंद, बलौदाबाजार, कोंडागांव, दुर्ग के 10 अस्पताल शामिल हैं। सभी अस्पतालों के नोटिस जारी कर दिया गया है। रायपुर से अशोका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, सीआईएमटी अस्पताल हेरिटेज अस्पताल, मित्तल इंस्टीट्यूट, सत्यम अस्पताल, दानी केयर अस्पताल, श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, अंकुर अस्पताल, न्यू वंदना अस्पताल व साईं समर्थ अस्पताल शामिल है। इसी तरह बिलासपुर से स्टार चिल्ड्रन अस्पताल, सराफ ईएनटी अस्पताल, प्रभा हास्पिटल एवं ट्रामा केयर, ओंकार अस्पताल, केयर एवं क्योर अस्पताल, आरबी इंस्टीट्यूट, यशोदा अस्पताल, आरबी अस्पताल, किम्स अस्पताल पर जुर्माना लगाया गया है।

कोंडागांव के एकता हॉस्पिटल व शिव अमृता अस्पताल, दक्ष अस्पताल बिलाईगढ़, मां यशोदा अस्पताल गरियाबंद, महासमुंद से जय पताई माता अस्पताल, श्री राम अस्पताल, श्री उत्तम साईं केयर हास्पिटल तथा कृष्णा अस्पताल दुर्ग के खिलाफ कार्रवाई की गई है। राजनांदगांव के जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बसंतपुर को योजना से तीन माह के लिए निलंबित किया गया है। इस अस्पताल ने मरीज को जनरल वार्ड में रखकर आईसीयू का पैकेज लिया था। इसे भी वापस नहीं किया गया। इसलिए निलंबन की कार्रवाई की गई।

### टोल फ्री नं. 104 पर करें शिकायत

योजना के सीईओ व हैल्थ डायरेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने बताया कि टोल फ्री नंबर 104 पर मरीज शिकायत कर सकते हैं। अस्पतालों के खिलाफ शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत एपीएल परिवार को सालाना 50 हजार व बीपीएल परिवार को 5 लाख तक का इलाज फ्री किया जाता है।

**किराये से देना है व बेचना है**

**गोकुल नगर, मुस्कान वाटिका में 3 BHK फ्लैट, 1st Floor में किराये से देना हैं एवं बेचना है।**

-: संपर्क करें :-

8959242526

9131341166




# प्रचंड मतों से जीतेंगे भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डे - मधुसूदन यादव



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा संयोजक, पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने दावा किया है कि भाजपा प्रत्याशी सांसद संतोष पाण्डे राजनांदगॉव लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों से बढ़त लेते हुए प्रचण्ड मतों से लोकसभा चुनाव जीतेंगे। अपने वक्तव्य के समर्थन में उन्होंने कहा है कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाएँ जैसे महतारी वंदन योजना, 5 सालों तक 5 किलो चॉवल निःशुल्क देने की योजना, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये किये गये कार्य, धारा 370 हटाना, 500 सालों से सनातनी जनता के राममंदिर के लिये चल रहे संघर्ष का पटाक्षेप कर लाखों पुण्यात्माओं के बलिदान को सम्मानित करते हुए अयोध्या में रामलला का मंदिर निर्माण, विश्व पटल पर देश को विश्वगुरू में रूप में स्थापित करना जैसे कार्य भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

श्री यादव ने आगे कहा कि वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे के द्वारा क्षेत्र के विकास एवं जनता के हित में किये गये विविध जनहित के कार्य, अंतर्राज्यीय सड़कों की स्वीकृति, राजनांदगॉव में रेल सुविधाओं की वृद्धि, डोंगरगढ़ में पर्यटन विकास के अभूतपूर्व कार्य एवं सांसद संतोष पाण्डे की स्वच्छ एवं बेदाग छवि भी भाजपा की लीड को बढ़ाने में उत्प्रेरक का कार्य करेगी।

पूर्व सांसद मधु ने छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल नीत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के काले कारनामों को भी भाजपा की जीत एवं कांग्रेस की हार का अहम कारक बताया है। जिसमें नारीशक्ति से 1 लाख रू. सालाना देने के झूठे वादे, पिछली कांग्रेस सरकार में राज्य में व्याप्त जंगलराज, भ्रष्टाचार, अपराध, नशाखोरी, जुआ-सट्टा का अवैध कारोबार, कांग्रेसी नेताओं की अनियंत्रित वाणी एवं बचकाना बयानबाजी, कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति, कांग्रेसी घोषणा पत्र रूपी झूठे वादो का पुलिन्दा, जातिगत जनगणना के नामपर जनता को गृहयुद्ध में झोंक देने की साजिश, राजनांदगॉव जिले से सौतेला व्यवहार आदि कई ऐसे कारक हैं, जो कांग्रेसी प्रत्याशी भूपेश बघेल की करारी हार का कारण बनेंगे।

# इनामी नक्सली चढ़ा पुलिस के हत्थे, कई अपराधिक मामले में है शामिल



राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्र की गढ़चिरौली पुलिस ने नक्सल मोर्चे में कार्रवाई करते हुए डेढ़ लाख के एक इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया नक्सली नारायणपुर जिले का रहने वाला है। उस पर गढ़चिरौली जिले में कई आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। वहीं कई थानों में उसके खिलाफ नामजद आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

बता दें कि पेरमिली जंगल में गश्त कर रही फोर्स को एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया, जिसे पकड़कर पूछताछ में इस व्यक्ति की पहचान सोमा उर्फ दिनेश मासा के रूप में हुई। सोमा के खिलाफ गढ़चिरौली पुलिस ने इनाम भी घोषित कर रखा था। उस पर डेढ़ लाख रुपए का इनाम महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित किया गया। हत्या, मुठभेड़, आगजनी एवं अन्य आपराधिक मामलों में सोमा की पुलिस को तलाश थी। बता दें कि गढ़चिरौली पुलिस पिछले दो साल में 79 नक्सलियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा भारत- अभिषेक सिंह



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज दावा करते हुए कहा कि 4 जून को छत्तीसगढ़ लोकसभा के परिणाम आने पर कांग्रेस का छत्तीसगढ़ से पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। श्री सिंह ने दावा करते हुए कहा कि 4 जून को राजनांदगांव की जनता भूपेश बघेल को वापस पाटन रवाना कर देगी और बड़े मार्जिन से संतोष पांडे जी विजई होंगे।

अभिषेक सिंह ने प्रदेश एवं देश की जनता को साधुवाद देते हुए कहा कि आज लोग सच और झूठ के अंतर को भलीभांति जानते है इसलिए महिलाओं को एक लाख रुपए प्रति वर्ष देने की कांग्रेस की घोषणा के झांसे में जनता नहीं आई और उन्होंने मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए भाजपा को देश की सेवा के लिए उपयुक्त माना है, इसलिए मोदी जी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए 100 दिन के विजन पर कार्य करना शुरू कर दिए हैं, उनके अथक प्रयास से भारत विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो जाएगा।

अभिषेक सिंह ने कहा कि कांग्रेस सदैव ही भ्रष्टाचार की जननी रही है, और भ्रष्टाचार के बिना कांग्रेस की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए जनता ने कांग्रेस को देश की राजनीति से अलविदा कर दिया है, और अब मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने के लिए देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अग्रसर हो चुका है। श्री अभिषेक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के पूर्ण बहुमत आने के पश्चात विपक्षी गठबंधन हताशा में कुंठित होकर अनर्गल प्रलाप कर रहा है, और उन्हें लगता है कि कांग्रेस द्वारा मोदी को बदनाम करने के प्रयास में देश का माहोल खराब करने के विभिन्न हथकंडे भी अपनाएंगे, परंतु जनता जनार्दन को तटस्थ रहते हुए ऐसे कपोल कल्पित माहोल न बने इसलिए देश को तोड़ने वाली शक्तियों से सावधान रहना है।

# जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए की बड़ी तैयारी, पहले होगी डाक मत पत्रों की गिनती

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार 4 जून 2024 को मतगणना की कार्रवाई सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के मतगणना कार्यक्रम के संबंध में प्रेस वार्ता ली। रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से मतगणना स्थलों पर मतों की गिनती शुरू हो जाएगी।

कबीरधाम जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पण्डरिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा की मतगणना आदर्श कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड कवर्धा में संपन्न होगी। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाऊस पिपरिया खैरागढ़ में संपन्न होगी। राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में संपन्न होगी। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर की मतगणना शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में संपन्न होगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित उपस्थित थे। रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने बताया कि मतगणना तिथि 4 जून 2024 को सुबह 6 बजे जिला कोषालय राजनांदगांव स्थित डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम खोले जाने तथा डाक मतपत्रों को सीलबंद बॉक्स में मतगणना स्थल तक परिवहन किए जाने के संबंध में सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है। साथ ही सुबह 7 बजे ईव्हीएम स्ट्रांग रूम खोले जाने की सूचना सभी अभ्यर्थियों को दी गई है। मतगणना स्थल के 100 मीटर के परिधि अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किये जाने की सूचना सभी अभ्यर्थियों को दी गई है। मतगणना स्थल पर मतगणना दिवस को धारा 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत गोपनीयता बनाये रखने के संबंध में मतगणना में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा



**मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से**

अवगत कराया जायेगा। मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है। सबसे भीतरी स्तर पर केन्द्रीय पुलिस बल, मध्य स्तर पर विशेष सशस्त्र बल तथा सबसे बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती की गई। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधियों को कृषि उपज मण्डी प्रांगण से होकर प्रवेश करना है।

मतगणना में लगे अधिकारी व कर्मचारी फल मण्डी की ओर से प्रवेश करेंगे। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु पृथक-पृथक रंगों के परिचय पत्र जारी किये गये हैं। गणना अभिकर्ताओं हेतु सफेद रंग का परिचय पत्र जारी किया गया है। जिसे मतगणना के दिन लगाकर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी व निर्वाचन अभिकर्ता को पूर्व में जारी किये गये परिचय पत्र के आधार पर प्रवेश की पात्रता होगी।रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, कैमरा, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल, 2 एआरओ टेबल पर प्रत्येक अभ्यर्थी एक-एक गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया तथा 72-कवर्धा हेतु 21 टेबल, 3 एआरओ टेबल लगाये गये हैं। जिसके अनुसार गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। डाक मतपत्र की गणना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुख्यालय राजनांदगांव में होगी। डाक मतपत्र की गणना हेतु 4 टेबल लगाये जायेगे। उन्होंने बताया कि अब तक 1627 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। सेवा निर्वाचकों से प्राप्त डाक मतपत्रों की स्कैनिंग सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जायेगी। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने गणना अभिकर्ता हेतु पेयजल एवं भोजन की आपूर्ति करने हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए 2-2 प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुमति दी गई है। प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष तथा पोस्टल बैलेट कक्ष में सीसीटीव्ही लगाया गया है। मतगणना कक्ष के द्वार पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है।

अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि तथा उद्घोषणा हेतु एक पृथक हॉल रखा गया है, जहां उन्हें चक्रवार मतगणना के परिणाम से अवगत कराया जायेगा। ईव्हीएम से मतों की गणना एवं डाक मतपत्रों के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की जायेगी। कंट्रोल यूनिट के डिस्प्ले नहीं होने अथवा मॉक पोल के सीआरसी नहीं होने की स्थिति में आयोग के निर्देशानुसार व्हीव्हीपीएटी पर्चियों की गणना की जायेगी। इसके अलावा आयोग के निर्देशानुसार विधानसभावार 5-5 व्हीव्हीपीएटी के पर्चियों की गणना सभी कंट्रोल यूनिट के मतों की गणना के बाद की जायेगी। रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के मंत्री, संसद सदस्य या विधानसभा सदस्य, नगर पालिका के मेयर या जिला परिषद, पंचायत संघ के चेयर पर्सन, केन्द्रीय उपक्रमों व राज्य उपक्रमों, सरकारी निकायों व निगम के चेयर पर्सन और सदस्य, सरकार से सालाना वेतन पाने वाले या किसी भी सरकार से सहायता प्राप्त संस्थान में पार्ट टाईम काम करने वाले व्यक्ति, पैरा मेडिकल स्वास्थ्य स्टॉफ, आंगनबाड़ी कर्मचारी, उचित मुल्य दुकान के डीलर, सरकारी सेवा में होने वाला व्यक्ति, केन्द्र अथवा राज्य द्वारा सुरक्षा कवर प्राप्त व्यक्ति गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किए जा सकते।

विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया में 19 राउण्ड, 72-कवर्धा में 20 राउण्ड, 73-खैरागढ़ में 21 राउण्ड, 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) में 20 राउण्ड, 75-राजनांदगांव में 16 राउण्ड, 76-डोंगरगांव में 18 राउण्ड, 77-खुज्जी में 19 राउण्ड एवं 78-मोहला मानपुर में 17 राउण्ड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी। मतगणना की तैयारियों के संबंध में मॉक ड्रिल कबीरधाम जिला में 3 जून 2024 को अपरांह 4 बजे, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में 2 जून 2024 को सुबह 7 बजे, राजनांदगांव जिले में 2 जून 2024 को सुबह 7 बजे एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में सुबह 7 बजे से संबंधित मतगणना स्थल पर किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com